रोहतक
मंगलवार 28 जुलाई 2026
आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष,
चतुर्दशी वर्ष : 30, अंक : 174
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

**मौसम** हरियाणा
अधि. 38.8°C
न्यून. 25.0°C

हरिभूमि
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

53 किलो स्पर्धा में कुल 199 किलो वजन उठाया



# प्रदर्शन करने पर पुलिस की बर्बरता सही नहीं आंदोलन संवैधानिक अधिकार : सुप्रीम कोर्ट

## जंतर-मंतर पर पुलिस लाठीचार्ज से जुड़ी याचिकाओं पर शीर्ष कोर्ट में सुनवाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन करना संवैधानिक अधिकार है, जिसे छीना नहीं जा सकता। केवल प्रदर्शन या आंदोलन होने के आधार पर पुलिस की बर्बरता या सख्ती को सही नहीं ठहराया जा सकता। कोर्ट ने 20 जुलाई को जंतर-मंतर पर पुलिस लाठीचार्ज से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए यह बात कही। सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी मोहना की बेंच ने साथ ही कहा कि प्रदर्शन के दौरान पुलिसकर्मियों पर हमले होना उतनी ही चिंता की बात है और सरकार से इस पर जवाब मांगा जा सकता है। अब कोर्ट मंगलवार को इन सभी याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई करेगा। इन याचिकाओं में आरोप है कि नीट पेपर लीक और शिक्षा मंत्री के इस्तीफे को लेकर प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर पुलिस ने ज्यादती की। ये याचिकाएं 20 जुलाई को कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के संसद मार्च से जुड़ी हैं। इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारी घायल हुए। 100 से ज्यादा लोगों को चोटें आईं थीं।



### संसद मार्च के दौरान 20 को हुआ था लाठीचार्ज

कॉकरोच जनता पार्टी ने 20 जुलाई को जंतर-मंतर से संसद तक मार्च निकाला था। सुबह 8 से शाम 5 बजे तक चले प्रदर्शन में कई बार प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प हुई थी। कुछ प्रदर्शनकारियों ने बैरिकेड तोड़े, संसद की ओर मार्च किया। ये लोग जंतर-मंतर से संसद मार्ग, जनपथ चौराहा, वॉर मेमोरियल, कर्तव्य पथ, विजय चौक से संसद के करीब पहुंच गए थे। इसके बाद पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े थे। देर शाम को पथराव की तस्वीरें भी सामने आईं। इसमें 100 से ज्यादा लोग घायल हुए।

**खास बातें**

- प्रोटोकॉल तय होना चाहिए
- पुलिसकर्मियों पर हमले होना भी चिंता की बात
- केंद्र से मांगा जा सकता है जवाब
- 100 से ज्यादा को आईं थीं चोटें

**सीजेपी की फिर आंदोलन की चेतावनी, कहा**

### सरकार ने समझौता तोड़ा, सैकड़ों छात्र गिरफ्तार, झूठे मुकदमे किए

कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) ने सोमवार को चेतावनी दी कि प्रदर्शनकारियों पर पुलिस कार्रवाई नहीं रुकी और गिरफ्तार छात्रों को राहत नहीं मिली, तो वह फिर से आंदोलन शुरू करेगी। पार्टी प्रवक्ता सौरव दास ने आरोप लगाया कि सरकार ने समझौता तोड़ा है। बिहार और पश्चिम बंगाल में सैकड़ों छात्रों को गिरफ्तार कर झूठे मुकदमों में फंसाया गया है। दिल्ली में हुई इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में सीजेपी नेता आशुतोष रांका, सौरव दास के साथ एडवोकेट कपिल सिब्बल भी मौजूद थे। उन्होंने कहा- मेरा रोल इस पार्टी के कानूनी मसलों में मदद करना है। सीजेपी ने कहा कि हमने एक पोर्टल लॉन्च किया है, जिसके जरिए पीड़ित छात्र अपनी परेशानी शेयर कर सकते हैं। वे केस इन्फॉर्मेशन और वीडियो भी शेयर कर सकते हैं।



**बिहार में छात्रों पर दर्ज केस होंगे वापस :** नीट पेपर के विरोध में पुलिस छात्रों पर दर्ज केस सरकार वापस लेगी। आंदोलनकारियों की मांग थी कि छात्रों पर कोई एक्शन नहीं लिया जाए। इसके बाद बिहार सरकार के गृह सचिव ने इसके बारे में जानकारी दी। 26 जुलाई शाम 6 बजे से पहले दर्ज सभी केस वापस ले लिए जाएंगे।

### इस्तीफे के बाद संसद पहुंचे प्रधान, बोले- स्ट्रीट फाइटर हूं

पूर्व शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान सोमवार को संसद पहुंचे। संसद परिसर में प्रधान के पहुंचते ही भाजपा और एनडीए सांसदों की भीड़ उनका स्वागत करने पहुंची। विपक्षी सांसदों ने भी उनसे मुलाकात की। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, एक विपक्षी सांसद ने तंज कसा कि यह पहली बार है, जब किसी मंत्री ने आरोप का सामना किए बिना इस्तीफा दे दिया। कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने भी कहा- ऐसा होता रहता है। इस पर धर्मेंद्र प्रधान ने जवाब दिया, मैं स्ट्रीट फाइटर हूं, एसी कमरों में बैठने वाला एक्टिविस्ट नहीं। प्रधान ने 25 जुलाई को शिक्षा मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। कॉकरोच जनता पार्टी ने नीट पेपर लीक केस में उनके इस्तीफे की मांग करते हुए 36 दिन तक जंतर-मंतर पर धरना दिया था।



### पेपरलीक बिल पर चर्चा करने को विपक्ष तैयार

पब्लिक एग्जामिनेशन (अनुचित साधनों की रोकथाम) संशोधन बिल, 2026' को लेकर संसद में हंगामा खत्म होने की उम्मीद है। विपक्ष मंगलवार को इस पर चर्चा शुरू करने के लिए सहमत हो गया है। स्पीकर ओम बिरला ने पार्टियों के नेताओं से बातचीत की। जिसके बाद सरकार और विपक्ष दोनों ही 28 जुलाई को बिल पर चर्चा करने और वोटिंग के लिए तैयार हो गए। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, मंगलवार दोपहर 12 बजे से बिल पर चर्चा शुरू हो सकती है। इससे पहले सोमवार को लोक परीक्षा संशोधन बिल पेश किया गया। हालांकि विपक्ष के हंगामे की वजह से चर्चा नहीं हो सकी। विपक्ष छात्रों पर नीट पेपर लीक के विरोध प्रदर्शन के दौरान लाठीचार्ज के मामले पर बहस के लिए अड़ा रहा। कांग्रेस का कहना है कि इस मुद्दे पर गृह मंत्री अमित शाह सदन में आकर बयान दें। इस वजह से लोकसभा की कार्यवाही दिन में 4 बार स्थगित हुई। जब भी कार्यवाही शुरू हुई, कांग्रेस, सपा के सांसद वेल में बैनर लेकर पहुंच जाते और नारेबाजी करने लगते।

**लोकसभा स्पीकर बिरला ने नेताओं को मनाया**

#### 2024 में बने कानून में बदलाव होंगे, सजा-जुर्माना दोनों बढ़ेंगे

- केंद्र सरकार 2024 में बने कानून में बदलाव के लिए संशोधन बिल लेकर आई है।
- इसमें पेपर लीक के आरोपियों के लिए और कड़ी सजा और जुर्माने का प्रावधान है।
- राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों को विशेष फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाने का अधिकार मिलेगा, जहां मामलों की रोजाना सुनवाई होगी।
- यह कानून केंद्र सरकार और उसकी एजेंसियों द्वारा आयोजित सार्वजनिक परीक्षाओं पर लागू होगा। इनमें यूपीएससी, एसएससी, रेलवे भर्ती, बैंकिंग भर्ती परीक्षाएं, एनटीए और अन्य केंद्रीय भर्ती एवं प्रवेश परीक्षाएं शामिल हैं।

**भारत को कॉमनवेल्थ गेम्स में छठा मेडल**

### ज्ञानेश्वरी यादव को वेटलिफ्टिंग में सिल्वर

**नई दिल्ली।** भारत ने कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में छठा मेडल जीत लिया है। ज्ञानेश्वरी यादव ने महिला 53 किलो वेटलिफ्टिंग इवेंट में कुल 199 किलोग्राम (88 किलो स्नैच + 111 किलो क्लीन एंड जर्क) वजन उठाकर सिल्वर मेडल अपने नाम किया। वहीं बिंदियारानी देवी ने 58 किलोग्राम वेटलिफ्टिंग इवेंट में कुल 199 किलो वजन उठाकर ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। इसके साथ ही वेटलिफ्टिंग में भारत का यह पांचवां और कुल मिलाकर छठा मेडल हो गया। नाइजीरिया की ओनोमे ओमोलोला डिडीह ने 206 किलोग्राम (93+113) वजन उठाकर गेम्स और कॉमनवेल्थ रिकॉर्ड के साथ गोल्ड जीता। 23 साल की ज्ञानेश्वरी ने स्नैच में 88 किलोग्राम वजन उठाकर नया गेम्स रिकॉर्ड बनाया। क्लीन एंड जर्क में उन्होंने पहले 103, फिर 107 और आखिरी प्रयास में 111 किलो वजन उठाया। कुल 199 किलो के साथ उन्होंने सिल्वर पक्का किया। भारत अब मेडल टैली में आठवें स्थान पर पहुंच गया है। ऑस्ट्रेलिया 18 गोल्ड सहित 42 मेडल के साथ पहले स्थान पर है।

**पहला प्रयास फेल रहा**

### बिंदियारानी को 58 किलो भार वर्ग में ब्रॉन्ज मेडल



बिंदियारानी देवी ने विमेंस 58 किलो वेटलिफ्टिंग इवेंट में कुल 199 किलो (87 किलो स्नैच + 112 किलो क्लीन एंड जर्क) वजन उठाकर ब्रॉन्ज अपने नाम किया। बिंदियारानी ने स्नैच में 83, 85 और 87 किलो वजन उठाया। क्लीन एंड जर्क में उनका पहला 110 किलो का प्रयास फेल रहा। उन्होंने दूसरे प्रयास में 112 किलो उठाया। हालांकि तीसरे प्रयास में 116 किलो नहीं उठा सकीं। यह 27 साल की बिंदियारानी का लगातार दूसरा कॉमनवेल्थ गेम्स मेडल है। उन्होंने बर्मिंघम 2022 में सिल्वर जीता था। *(खेल पेज भी देखें)*

**खबर संक्षेप**

### ट्रेन की चादरों पर दाग को पकड़ेगा एआई

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने लिनेन की गुणवत्ता जांचने के लिए पहली बार एआई आधारित स्टेन डिटेक्शन सिस्टम शुरू किया है। इसका पायलट प्रोजेक्ट पुणे, जयपुर व जोधपुर मंडल में चल रहा है। इसके तहत लगे एआई कैमरे धुलाई के बाद कपड़ों का विश्लेषण कर दाग-धब्बों को तुरंत पकड़ लेंगे, जिससे यात्रियों तक सिर्फ पूरी तरह साफ कपड़े ही पहुंचेंगे। *एजेंसी*

### कर्मचारियों के घंटे गिने इंफोसिस पर जुर्माना

**पेरिस।** फ्रांस की एक अथॉरिटी ने भारतीय कंपनी इंफोसिस पर जुर्माना लगाया है। ये जुर्माना कर्मचारियों की टाइम ट्रैकिंग को लेकर किया गया है। दरअसल फ्रांस अथॉरिटी का कहना है कि कर्मचारियों की टाइम ट्रैकिंग में कंपनी ने लोकल कानून का उल्लंघन किया है। देश की बड़ी आईटी कंपनी इंफोसिस पर फ्रांस की एक सरकारी लेबर अथॉरिटी ने 1,75,000 यूरो (करीब 2 करोड़ रुपए) का जुर्माना लगाया है। *एजेंसी*

## मानसून फिर एक्टिव, दो दिन भारी बारिश की चेतावनी

### पानीपत, फरीदाबाद, सोनीपत और यमुनानगर सहित सात जिलों में बरसात से लोगों को मिली उमस से राहत

हरिभूमि टीम ▶▶ हरियाणा

प्रदेश में सोमवार से मानसून एक बार फिर एक्टिव हो गया। सुबह पानीपत, फरीदाबाद, सोनीपत और यमुनानगर में तेज बारिश होने से लोगों को गर्मी से राहत मिली। शाम को पंचकूला, हिसार में बूंदाबांदी और भिवानी में बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार, 28 और 29 जुलाई को प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में तेज बारिश होगी। इन दो दिनों के दौरान कई जिलों में भारी बारिश होने की संभावना है। वहीं, 30 और 31 जुलाई को भी प्रदेश के अनेक क्षेत्रों में अच्छी बारिश का दौर जारी रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार, सोमवार को प्रदेश के उत्तरी जिलों पंचकूला, यमुनानगर व अंबाला में पूरे दिन अच्छी बारिश होने की संभावना है। वहीं प्रदेश के 9 और जिलों में भी हल्की या मध्यम बारिश होने की उम्मीद है।



#### अब तक 6 जिलों में ही सामान्य बारिश

मौसम विभाग के अनुसार हरियाणा में राज्य में केवल 6 जिलों में सामान्य और सामान्य के आसपास बारिश दर्ज हुई है, जबकि 16 जिलों में सामान्य से नीचे बारिश दर्ज हुई है। हरियाणा में 1 जून से 25 जुलाई तक कुल 132.7 मिलीमीटर बारिश दर्ज हुई है, जबकि इस दौरान 175.4 मिलीमीटर सामान्य बारिश होती है जो सामान्य से 24 फीसदी कम हुई है।

#### सोनीपत सबसे गर्म

सोमवार को 38.8 डिग्री के साथ सोनीपत सबसे गर्म जिला रहा। हालांकि अधिकतम तापमान सामान्य से 0.8 डिग्री अधिक रहा। वहीं, 25.0 डिग्री के साथ नारनौल सबसे ठंडा रहा। न्यूनतम मापमान भी सामान्य से 0.9 डिग्री कम दर्ज किया गया।

## 10-20 के 200 करोड़ प्लास्टिक नोट आएंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बाजार में जल्द ही 10 और 20 के प्लास्टिक नोट नजर आएंगे। रिजर्व बैंक 100-100 करोड़ यानी टोटल 200 करोड़ पॉलिमर यानी प्लास्टिक से बने नोट छापेगी। यह प्लास्टिक करंसी का ट्रायल है, अगर यह सफल होता है तो आगे और नोट भी छापे जाएंगे। केंद्र सरकार ने इसकी मंजूरी दे दी है। यह जानकारी वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने सोमवार को लोकसभा में दी। पॉलिमर बैंकनोट के ट्रायल सफल होने के बाद आरबीआई 10 और 20 दोनों वेल्यू के नोटों को रेगुलर तौर पर जारी करेगा। हालांकि कागज की मौजूदा करेंसी भी चलती रहेगी। इसे बंद नहीं किया जाएगा। यह देश में नए जनरेशन की करंसी लाने के आरबीआई के प्लान का अगला कदम है।



**नई करंसी पुराने पेपर नोटों की जगह नहीं लेगी**

- भारतीय बाजार में पॉलीमर नोटों के आने का मतलब यह बिल्कुल नहीं है कि मौजूदा कागजी नोट तुरंत चलन से बाहर हो जाएंगे। सरकार ने साफ किया है कि नई करंसी पुराने पेपर नोटों की जगह नहीं लेगी।
- **को-एग्जिस्टेंस:** बाजार में पॉलीमर और पेपर दोनों ही तरह के नोट एक साथ चलते रहेंगे।
- **फेज में बदलाव:** यह बदलाव धीरे-धीरे और फेज मैनर यानी अलग-अलग चरण में किया जाएगा।

### अब महाराष्ट्र में नीट छात्रा का सुसाइड

**अहिल्यानगर (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के अहिल्यानगर में 19 साल की मेडिकल छात्रा अंकिता सांगले ने रविवार को आत्महत्या कर ली। सीजेपी आंदोलन के बाद यह पहला मामला है। पुलिस को घटनास्थल से एक सुसाइड नोट मिला है। इसमें अंकिता ने लिखा कि परीक्षा में उम्मीद के मुताबिक सफलता नहीं मिलने से वह मानसिक तनाव में थी और डॉक्टर बनने का उसका सपना अधूरा रह गया। परिवार के मुताबिक घटना से पहले छात्रा अपने कमरे में पढ़ाई कर रही थी। काफी देर तक कमरे से कोई आवाज नहीं आने पर उसकी मां ने दरवाजा खोला, जहां वह मृत मिली। नीट एग्जाम में हुई गड़बड़ियों को लेकर कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया था।

- **सीजेपी आंदोलन के बाद पहला मामला**

### दुबई-मुंबई इंडिगो फ्लाइट में धुआं, इमरजेंसी लैंडिंग

**राजकोट (एजेंसी)।** दुबई से मुंबई आ रही इंडिगो की फ्लाइट आईजीओ1452 की राजकोट एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग हुई। रिपोर्ट्स के मुताबिक पायलट ने विमान के कार्गो कंपार्टमेंट से धुआं निकलते देखा था, इसके बाद फ्लाइट को राजकोट में लैंड कराया। दोपहर 2:45 बजे टोटल इमरजेंसी डिक्लेयर की गई। इसके बाद प्लेन ने दोपहर 3:27 बजे लैंडिंग की। फ्लाइट में पायलट क्रू समेत 194 यात्री सवार थे। एयरपोर्ट के अफसरों के अनुसार फ्लाइट में सवार सभी पैसेंजर और क्रू को सुरक्षित उतार लिया गया है। राजकोट एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग की सूचना मिलते ही राजकोट नगर निगम के 2 फायर ब्रिगेड वाहन और 2 एम्बुलेंस तुरंत एयरपोर्टपर पहुंचे।

- **सभी 194 पैसेंजर और क्रू सदस्य सुरक्षित**

## ट्रंप ने फिर दी धमकी, बोले हमारे पास बहुत हथियार

### खार्ग आइलैंड पर अटैक की एआई तस्वीर शेयर की

**तेहरान/वॉशिंगटन डीसी/तेल अवीव (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि ईरान के साथ तनाव के बीच अमेरिका के हथियार खत्म नहीं हो रहे हैं। उन्होंने कहा, "हमारे पास दुनिया में सबसे ज्यादा हथियार हैं, जरूरत से भी ज्यादा। ट्रम्प का यह बयान उन मीडिया रिपोर्ट्स के बाद आया है, जिनमें कहा गया था कि ईरान के साथ लगातार टकराव की वजह से अमेरिका के पैट्रियट इंटरसेप्टर मिसाइलों का भंडार घट रहा है। बयान के तुरंत बाद ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर कई एआई तस्वीरें शेयर कीं। एक तस्वीर में ईरान के सबसे बड़े तेल निर्यात केंद्र खार्ग आइलैंड पर हवाई हमला दिखाया गया। इसके साथ उन्होंने लिखा- स्ट्राइक ऑन खार्ग"। इसके बाद उन्होंने कुछ और एआई तस्वीरें पोस्ट कीं, जिनमें एक ईरानी तेल टैंकर पर अमेरिकी झंडा नजर आ रहा है। एक दूसरी तस्वीर में जहाज को उड़ता हुआ दिखाया गया, जिसके साथ लिखा था- "नो मोर इंजन्स"।



#### ईरान बोला-यूएस से कोई वार्ता नहीं चल रही

ईरान के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि फिलहाल अमेरिका के साथ उसकी कोई बातचीत नहीं चल रही है। हालांकि, दोनों देशों के बीच हाल के दिनों में संघर्ष थम गया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघई ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, मध्यस्थ अमेरिका की ओर से हमें मौजूदा हालात से जुड़े संदेश पहुंचा सकते हैं, लेकिन इस समय अमेरिका के साथ हमारी कोई बातचीत नहीं हो रही है। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान ने बातचीत की पहल की है, ऐसे दावे पूरी तरह गलत हैं। बघाई के मुताबिक, दूसरी तरफ समय-समय पर इस तरह की बातें फैलाई जाती हैं।

**हरियाणा कैबिनेट की बैठक आज**

## संशोधित ई-वाहन पॉलिसी पर लग सकती है मुहर

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा विधानसभा का मानसून सत्र 21 अगस्त को बुलाने को लेकर विचार मंथन होगा। इसके अलावा ई वाहन पालिसी को लेकर भी मंत्री समूह विचार करेगा। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने मंगलवार को मंत्रिमंडल की बैठक बुला ली गई है। इससे मानसूत्र की तिथि पर मुहर लगेगी। इलेक्ट्रिक दोपहिया, तिपहिया और कारों पर मिलने वाली सरकारी सब्सिडी को सीधे लाभार्थी के खाते में डालने के लिए संशोधित ई-वाहन पालिसी पर भी विचार होगा। सरकार बाकी राज्यों की नीतियों को लेकर होमवर्क पूर्ण कर अब ग्राहकों को वाहन खरीदते समय ही इसका लाभ देने की तैयारी में हैं। हरियाणा सिविल सचिवालय में सुबह 11 बजे होने वाली बैठक में करीब दर्जनभर प्रस्तावों पर चर्चा होगी। पंजाब विधानसभा का मानसून सत्र तीन से 10अगस्त तक चलेगा। चूंकि दोनों राज्यों के विधानसभा सदन एक ही परिसर में हैं, इसलिए सरकार की योजना पंजाब के बाद ही हरियाणा विधानसभा का मानसून सत्र बुलाने की है, ताकि सुरक्षा सहित अन्य व्यवस्थाओं में कोई दिक्कत न आए।

**विधानसभा के मानसून सत्र की शुरुआत 21 से संभव, मंत्री समूह करेगा विचार विमर्श**

### ई-20 के खिलाफ दिल्ली में ट्रांसपोर्टर्स 4 को निकालेंगे मार्च

**नई दिल्ली।** दिल्ली के ट्रांसपोर्ट संगठन इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल (ई20) के खिलाफ मोर्चा खोलने जा रहे हैं। दिल्ली टैक्सी एंड टूरिस्ट ट्रांसपोर्टर्स एंड टूर ऑपरेटर्स एसोसिएशन के नेतृत्व में विभिन्न संगठन 4 अगस्त को संसद की ओर मार्च निकालेंगे। प्रदर्शन का मकसद ई20 ईंधन को वापस लेने की मांग करना है। एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय सम्राट ने कहा कि देशभर से वाहनों में ईथेनॉल ब्लेंडिंग से जुड़ी समस्याएं आ रही हैं। संजय सम्राट ने कहा कि यह प्रदर्शन किसी भी राजनीतिक दल या आंदोलन से जुड़ा नहीं है। उन्होंने 'ई-20 जनता पार्टी' और सीजेपी से दूरी बनाते हुए कहा कि उनका प्रदर्शन पूरी तरह गैर-राजनीतिक है और किसी पार्टी से संबंधित नहीं है।

**आकलन वर्ष 2021-22 में थे 142, अब हुए 576**

## चार गुना हुए देश में 100 करोड़ कमाने वाले

सेंट्रल डेस्क ▶▶ रोहतक

भारत में आय का कोई आधिकारिक सरकारी मापदंड उपलब्ध नहीं होने के कारण शोधकर्ताओं को आयकर रिटर्न (आईटीआर) के आंकड़ों पर निर्भर रहना पड़ता है। वित्त मंत्रालय ने सोमवार को लोकसभा में एक लिखित उत्तर में बताया कि आकलन वर्ष 2025-26 में 100 करोड़ रुपये या उससे अधिक की सकल कुल आय घोषित करने वाले व्यक्तियों की संख्या 500 के पार पहुंचकर 576 हो गई, जो पिछले वर्ष की तुलना में 39 प्रतिशत अधिक है। पिछले चार वर्षों में 100 करोड़ रुपये से अधिक सालाना आय घोषित करने वाले लोगों की संख्या आकलन वर्ष 2021-22 के 142 से बढ़कर 576 हो गई है, यानी लगभग चार गुना वृद्धि हुई है। आकलन वर्ष उस 12 महीने की अवधि को कहा जाता है जो उस वित्त वर्ष के बाद आती है जिसमें आय अर्जित की जाती है। इसलिए आकलन वर्ष 2025-26 का संबंध वित्त वर्ष 2024-25 (अप्रैल 2024 से मार्च 2025) से है। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कांग्रेस सांसद मुरारी लाल मीणा के प्रश्न के उत्तर में कहा कि आयकर अधिनियम, 2025 या पूर्ववर्ती आयकर अधिनियम, 1961 में 'बिलियनेयर (अरबपति)' शब्द की कोई वैधानिक परिभाषा नहीं है। फोर्ब्स के अनुसार, भारत में 229 डॉलर अरबपति हैं। चूंकि एक अमेरिकी डॉलर की कीमत लगभग 96 रुपये है, इसलिए डॉलर अरबपति वह व्यक्ति माना जाता है जिसकी कुल संपत्ति (नेटवर्थ) कम से कम 9,600 करोड़ रुपये हो। वहीं, ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स, के अनुसार दुनिया के 500 सबसे अमीर लोगों में 23 भारतीय शामिल हैं।

#### भारत में आय मापने की व्यवस्था

भारत में आय का कोई आधिकारिक राष्ट्रीय मापदंड नहीं है। इसलिए शोधकर्ता वित्त मंत्रालय द्वारा कुछ समय के अंतराल से जारी किए जाने वाले आयकर रिटर्न के आंकड़ों का उपयोग करते हैं। हालांकि, सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय अप्रैल 2026 से देश का पहला राष्ट्रीय घरेलू आय सर्वेक्षण कर रहा है। यह सर्वेक्षण मार्च 2027 तक चलेगा और इसके परिणामों को संसाधित करने के बाद कुछ महीनों में जारी किए जाने की संभावना है। ताजा जीडीपी आंकड़ों के अनुसार, 2025-26 में भारत की प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय आय मौजूदा कीमतों पर 2.41 लाख रुपये रही, जो 2024-25 की तुलना में 8 प्रतिशत अधिक है। यह सर्वेक्षण केवल घरेलू आय का आकलन ही नहीं करेगा, बल्कि यह भी जांचेगा कि नई तकनीकों को अपनाने का मजदूरी और आय पर क्या प्रभाव पड़ा है।

#### भारत में असमानता पर सरकार का जवाब

लोकसभा में अपने उत्तर में पंकज चौधरी ने कहा कि सरकार करदाताओं की कुल संपत्ति का अलग से कोई आंकड़ा नहीं रखती। जब सांसद मुरारी लाल मीणा ने पूछा कि क्या सरकार ने आय और संपत्ति के बढ़ते केंद्रीकरण का आय असमानता, निवेश, रोजगार सृजन और समावेशी आर्थिक विकास पर प्रभाव का कोई अध्ययन किया है, तो मंत्री ने कहा कि घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण 2023-24 के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों का जिनी गुणांक घटकर 0.237 और शहरी क्षेत्रों का 0.284 रह गया है। उनके अनुसार यह ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच असमानता के अंतर में कमी का संकेत देता है। जिनी गुणांक असमानता को मापने का सबसे व्यापक रूप से इस्तेमाल किया जाने वाला सूचकांक है।

## खबर संक्षेप



### सादगी, विनम्रता व ज्ञान की प्रतिमूर्ति थे कलाम

**चंडीगढ़।** राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने सोमवार को यहां लोक भवन में भारत के पूर्व राष्ट्रपति एवं भारत रत्न डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए राज्यपाल ने डॉ. कलाम को एक प्रख्यात वैज्ञानिक, दूरदर्शी राष्ट्रनायक तथा सादगी, विनम्रता और ज्ञान की प्रतिमूर्ति बताया। उन्होंने कहा कि भारत के रक्षा एवं अंतरिक्ष कार्यक्रमों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में डॉ. कलाम का योगदान अतुलनीय रहा है।

### डीआईईटी के खाली पद के लिए आवेदन आज से

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों (डीआईईटी) में लंबे समय से खाली पड़े शिक्षकीय पदों को भरने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। स्कूल शिक्षा विभाग ने नियमित सरकारी स्कूलों में कार्यरत प्राचार्यों, पीजीटी और लेक्चररों से तबादला आधार पर आवेदन मांगे हैं। विभाग के अनुसार ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 28 जुलाई से 3 अगस्त तक चलेगी। इसके तहत डीआईईटी में सीनियर लेक्चरर और सब्जेक्ट स्पेशलिस्ट/लेक्चरर (पीजीटी) के रिक्त पद भरे जाएंगे। सीनियर लेक्चरर पद के लिए नियमित स्कूल कैडर के प्राचार्य तथा सब्जेक्ट स्पेशलिस्ट/लेक्चरर पद के लिए नियमित स्कूल कैडर के पीजीटी और लेक्चरर आवेदन कर सकेंगे।

## उझाना में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह में पहुंचे मुख्यमंत्री

# संत समाज को सत्य, सेवा व राष्ट्रभक्ति की राह दिखाते हैं

सामुदायिक केंद्र के निर्माण के लिए एक करोड़ और अन्य विकास कार्यों के लिए 51 लाख देने की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि संत-महापुरुषों का जीवन समाज को सत्य, सेवा, समरसता और राष्ट्रभक्ति की राह दिखाता है। उनके आदर्शों को वर्तमान पीढ़ी तक पहुंचाना समय की आवश्यकता है, ताकि समाज में संस्कार और सद्भाव की भावना मजबूत हो सके। मुख्यमंत्री सोमवार को जींद जिले के गांव उझाना स्थित श्रीश्री 1008 सिद्ध बाबा खाकनाथ जी महाराज के नवनिर्मित समाधि स्थल पर आयोजित मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की मांग पर उझाना में सामुदायिक केंद्र के निर्माण के लिए एक करोड़ रुपये तथा अन्य विकास कार्यों के लिए 51 लाख रुपये देने की घोषणा की। साथ ही गांव में सड़क निर्माण, कुंड-तालाब के जीर्णोद्धार, जल निकासी की स्थायी व्यवस्था और स्कूल में विज्ञान संकाय शुरू कराने का भी आश्वासन दिया।

मुख्यमंत्री ने मंदिर में माथा टेका, यज्ञ में पूर्णाहुति दी और ध्वजारोहण किया। उन्होंने कहा कि किसी महापुरुष की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि जीवन में श्रद्धा, सत्य, करुणा और सेवा के मूल्यों को स्थापित करने का संकल्प है। उन्होंने कहा कि लगभग 600 वर्ष पुराना उझाना मठ करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है और भारत की सबसे बड़ी शक्ति उसकी आध्यात्मिक परंपरा है।



### गोसेवा भारतीय संस्कृति की करुणा और संवेदना का प्रतीक

मठ की गोशाला की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि गोसेवा भारतीय संस्कृति की करुणा और संवेदना का प्रतीक है। प्रकृति और गौमाता के संरक्षण की संस्कृति ही भारत को विश्वगुरु बनाने में सहायक होगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार संत महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रसार योजना के माध्यम से संतों के विचारों को जन-जन तक पहुंचा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश अपनी सांस्कृतिक विरासत को नई पहचान दे रहा है। अयोध्या में श्रीराम मंदिर, काशी विश्वनाथ धाम और महाकाल लोक जैसे कार्य भारत की सांस्कृतिक चेतना को नई ऊर्जा प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान किए गए 217 संकल्पों में से 66 संकल्प डेढ़ वर्ष में पूरे किए जा चुके हैं तथा शेष पर कार्य जारी है। समारोह में कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी, विधानसभा उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण मिड्ढा, अस्थल बोहर मठ के महंत एवं तिजारा विधायक महंत बालकनाथ, उझाना मठ के महंत राजनाथ, महंत पूर्णनाथ सहित अन्य मौजूद रहे।

## सीएम पैक्स की महिलाओं को दूध पर 10 रुपये प्रति लीटर प्रोत्साहन मिलेगा

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने डेयरी क्षेत्र को गति देने, किसानों की आय बढ़ाने और महिला स्वयं सहायता समूहों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए पांच महत्वपूर्ण घोषणाएं की हैं। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि वीटा को दूध उपलब्ध कराने वाले महिला स्वयं सहायता समूहों और महिला सीएम पैक्स से जुड़ी महिलाओं को 10 रुपये प्रति लीटर की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इससे अधिक महिलाओं को डेयरी व्यवसाय से जुड़ने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा।

■ मुख्यमंत्री ने डेयरी क्षेत्र के लिए की पांच बड़ी घोषणाएं

### पंचायती भूमि पर सांझी डेयरी स्थापित होगी

उन्होंने गांवों की पंचायती भूमि पर 'सांझी डेयरी' स्थापित करने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा डेयरी विकास सहकारी प्रसंघ (एचडीडीसीएफ) महिला स्वयं सहायता समूहों और महिला सीएम पैक्स की सदस्य महिलाओं को दुग्ध पशु खरीदने के लिए रियायती ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराने में सहयोग करेगा। इसके अलावा मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक प्रोत्साहन योजना के तहत एचडीडीसीएफ को दूध आपूर्ति करने वाले उत्पादकों के लिए प्रोत्साहन राशि बढ़ा दी गई है। अब ग्रीष्मकाल में यह राशि 5 से बढ़ाकर 7 रुपये प्रति लीटर तथा शीतकाल में 3 से बढ़ाकर 5 रुपये प्रति लीटर कर दी गई है।

## बड़ौली ने हरियाणा सार्वजनिक उपक्रम ब्यूरो चेयरमैन का कार्यभार संभाला

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को हरियाणा सिविल सचिवालय में हरियाणा सार्वजनिक उपक्रम ब्यूरो के नवनियुक्त चेयरमैन मोहन लाल बडौली को उनके पद का कार्यभार ग्रहण कराया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बडौली को नई जिम्मेदारी के लिए बधाई और शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वे अपने अनुभव, संगठनात्मक क्षमता और कार्यकुशलता के बल पर हरियाणा सार्वजनिक उपक्रम ब्यूरो के कार्यों को अधिक प्रभावी बनाएंगे तथा जनहित और प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। कार्यभार ग्रहण समारोह में कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार, डॉ. अरविंद शर्मा, श्याम सिंह राणा, विधायक कृष्णा गहलावत, मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार राजीव जेटली, मीडिया सचिव प्रवीण आत्रे सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।




### कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय सोनीपत।

मु.नं. 181 दिनांक 22.07.2026 धारा 127(6) बी.एन.एस. थाना सेक्टर-27 जिला सोनीपत।



**गुमशुदा की पहचान**

नाम- सीता।
पिता का नाम - जगदीश।
पता - वासी गाँव खेवड़ा जिला सोनीपत।
उम्र - 51 वर्ष।
कद -5 फुट।
हुलियाः- रंग गेहुंआ, पतला शरीर, गोल चेहरा, काले व सफेद बाल जैन्टस कटिंग, काली आँखें।
पहनावा - हरे रंग काली धारीदार सूट, हरे रंग की सलवार व नंगे पैर है।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 20.07.2026 को सीता पत्नी जगदीश वासी गाँव खेवड़ा जिला सोनीपत, बिना किसी को बताए घर से कहीं चली गई है अब तक वापिस नहीं आई है। जिस सम्बन्ध में उपरोक्त मुकदमा थाना में दर्ज रजिस्टर है। अगर किसी को उपरोक्त गुमशुदगी बारे कोई सूचना मिलती हैं तो निम्नलिखित नंबरों पर सूचित करे।

प्रबन्धक थाना मो. नं.-7419410535
अनुसंधानकर्ता मो. नं. - 9466904479
कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903,100

हस्ता/-अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त।
मुख्यालय, सोनीपत।

पीआरडीएच-1084/11/5090/2027/47539/88/6 दि. 27.07.26

### कार्यालय पुलिस अधीक्षक, फतेहाबाद

गुमशुदा की तलाश



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मुस्कान पुत्री कृष्ण कुमार निवासी गली राम बाग मस्जिद वाला मोहल्ला भीमा बस्ती, जिला फतेहाबाद, हाल आबाद जीरकपुर दिनांक 12.02.2026 को अपने घर से बिना किसी को बताए कहीं चली गई है। परिजनों व पुलिस द्वारा अब तक की गई तलाश के बावजूद उनका कोई सुराग नहीं मिल पाया है।

**गुमशुदा महिला का हुलिया निम्नलिखित है:**

- नामः मुस्कान
- उम्रः 21 वर्ष
- कदः 5 फीट
- रंगः गोरा
- पहनावाः फुल लोवर व टोप पहनी हुई थी

जिस किसी सज्जन को उपरोक्त लड़की के संबंध में कोई सूचना प्राप्त हो, वह कृपया तुरंत नीचे दिए गए संपर्क सूत्रों पर सूचित करें:

**संपर्क करें:**
**थाना शहर फतेहाबाद**
**मोबाइल नं.: 88140-11705**
**प्रबन्धक अफसर थाना शहर फतेहाबाद**
**अनुसंधान कर्ता - 7015049804**
**या नजदीकी पुलिस स्टेशन में जानकारी दें।**
**आपकी दी गई सूचना गुप्त रखी जाएगी।**

पीआरडीएच-1084/11/5102/2027/47565/88/6 दि. 27.07.26


# भूमि रिकॉर्ड ऑनलाइन, अब घर बैठे करें आवेदन और डाउनलोड

■ रेवेन्यू हरियाणा पोर्टल पर नया मॉड्यूल शुरू, जमाबंदी, इंतकाल, फर्द बदर और रजिस्टर्ड सेल डीड की डिजिटल प्रतियां होंगी उपलब्ध

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने भूमि संबंधी सेवाओं को तेज, पारदर्शी और पेपरलेस बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए रेवेन्यू हरियाणा पोर्टल पर नया ऑनलाइन मॉड्यूल शुरू किया है। इसके माध्यम से अब नागरिक राजस्व कार्यालयों के चक्कर लगाए बिना जमाबंदी, इंतकाल (म्यूटेशन), फर्द बदर और रजिस्टर्ड सेल डीड की डिजिटल प्रमाणित प्रतियों के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे और उन्हें डाउनलोड भी कर सकेंगे। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की वित्त आयुक्त एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने बताया कि इस प्रणाली को पूरे प्रदेश में एक समान लागू करने के लिए सभी मंडलायुक्तों और उपायुक्तों को निर्देश जारी किए गए हैं। साथ ही अधिकारियों के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) और नागरिकों के लिए विस्तृत उपयोगकर्ता मार्गदर्शिका भी तैयार की गई है।

## हरियाणा ओलंपिक एसो. की एजीएम में खेलों के विकास पर हुआ मंथन

**पंचकूला।** हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन (एचओए) की वार्षिक आम सभा (एजीएम) सोमवार को सेक्टर-3 स्थित ओलंपिक भवन में अध्यक्ष कैप्टन जसविंदर मीनू बेनीवाल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में महासचिव एवं हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार सहित विभिन्न राज्य खेल संघों, जिला ओलंपिक संघों और सरकारी विभागों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में 27वें हरियाणा राज्य खेलों (प्रथम चरण) के सफल आयोजन की समीक्षा की गई। खिलाड़ियों की रिकॉर्ड भागीदारी, मेरिट प्रमाण-पत्र वितरण तथा हरियाणा राज्य खेलों को खेल ग्रेडेशन नीति में शामिल किए जाने का स्वागत किया गया। आयोजन में सहयोग देने वाले विभागों, जिला प्रशासन, तकनीकी अधिकारियों और स्वयंसेवकों की सराहना भी की गई। महासचिव कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि एसोसिएशन ने खेल आयोजनों के लिए पारदर्शी और आधुनिक व्यवस्था विकसित की है, जिससे खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं मिल रही हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि भविष्य में भी खेलों का स्तर और ऊंचा किया जाएगा।

## अंबाला छावनी के राजकीय कॉलेज का नाम बदलने की मंजूरी

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने अंबाला छावनी स्थित राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय का नाम बदलकर 'आचार्य रघुवीर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अंबाला छावनी' करने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इस प्रस्ताव को मंजूरी देते हुए वर्तमान नीति में आवश्यक छूट प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने बताया कि यह निर्णय प्रदेश के महान शिक्षाविदों और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने वाली विभूतियों को सम्मान देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

## नांगल चौधरी लॉजिस्टिक हब परियोजना को मिलेगी नई रफ्तार

**चंडीगढ़।** महेंद्रगढ़ जिले के नांगल चौधरी में प्रस्तावित इंटीग्रेटेड मल्टी-मोडल लॉजिस्टिक हब (आईएमएलएच) परियोजना को गति देने के लिए नई दिल्ली स्थित हरियाणा भवन में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के आयुक्त एवं सचिव डॉ. अमित कुमार अग्रवाल ने की। इसमें



एचएसआईआईडीसी के प्रबंध निदेशक सुशील सारवान, नारनौल के एसडीएम अनिरुद्ध यादव सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में परियोजना की अब तक की प्रगति की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने बताया कि इस महत्वाकांक्षी परियोजना का क्रियान्वयन हरियाणा मल्टी-मोडल लॉजिस्टिक हब प्रोजेक्ट लिमिटेड द्वारा सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के तहत किया जा रहा है। डॉ. अमित कुमार अग्रवाल ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य हरियाणा में आधुनिक औद्योगिक सुविधाओं का विकास तेजी से हो।

## एलाइड हेल्थ प्रोफेशनल्स के नियमन को मिलेगा नया ढांचा, अंतरिम परिषद गठित

**पंचकूला।** हरियाणा सरकार ने संबद्ध एवं स्वास्थ्य पेशेवरों (एलाइड एंड हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स) की शिक्षा, पंजीकरण, पेशेवर मानकों और सेवाओं के नियमन को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए हरियाणा राज्य संबद्ध एवं स्वास्थ्य देखभाल परिषद का अंतरिम गठन कर दिया है। यह परिषद स्थायी वैधानिक परिषद के गठन तक कार्य करेगी। चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार, पीजीआईएमएस रोहतक के डॉ. सुरेश सिंघल को परिषद का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। विभाग के निदेशक या उनके नामित प्रतिनिधि परिषद के पदेन सदस्य होंगे।

### विधानसभा की महिला सशक्तीकरण समिति ने जताई चिंता

# सोशल मीडिया पर अश्लील कंटेंट पर सख्ती की तैयारी, विस समिति देगी रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा विधानसभा की महिला सशक्तिकरण समिति ने सोशल मीडिया पर बढ़ते अश्लील और आपत्तिजनक कंटेंट को लेकर सख्त रुख अपनाया है। समिति की चेयरपर्सन एवं भाजपा विधायक शक्ति रानी शर्मा ने कहा कि इस संबंध में समिति अपनी रिपोर्ट हरियाणा विधानसभा को सौंपेगी और सोशल मीडिया पर अश्लील सामग्री पर प्रभावी रोक लगाने की सिफारिश करेगी। पंचकूला में पत्रकारों से बातचीत के दौरान शक्ति रानी शर्मा ने कहा कि डिजिटल प्लेटफॉर्म पर बढ़ती अश्लीलता का सबसे अधिक दुष्प्रभाव महिलाओं और युवाओं पर पड़ रहा है। ऐसे कंटेंट पर नियंत्रण के लिए सख्त नीति और प्रभावी निगरानी की आवश्यकता है। समिति की सदस्य एवं कांग्रेस विधायक गीता भुक्कल ने भी इस मुद्दे पर सहमति जताते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर अश्लील सामग्री समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय है और इस पर रोक लगाने के लिए ठोस कदम उठाए जाने चाहिए। समिति अपने दौरे के दौरान महिला थाना, वन स्टॉप सेंटर और वर्किंग वुमन हॉस्टल का भी निरीक्षण करेगी। इस दौरान वहां उपलब्ध सुविधाओं और व्यवस्थाओं की समीक्षा की जाएगी।

■ समिति की चेयरपर्सन शक्ति रानी शर्मा ने कहा, युवाओं पर पड़ रहा गलत असर

## खाप पंचायतों की मुहिम को मिला राजनीतिक समर्थन

**योगेंद्र शर्मा(चंडीगढ़)।** सोशल मीडिया पर बढ़ते अश्लील गीतों, फूहड़ वीडियो और आपत्तिजनक डांस के खिलाफ हरियाणा में सामाजिक और राजनीतिक स्तर पर एकजुटता दिखाई देने लगी है। खाप पंचायतों की ओर से शुरू की गई मुहिम को अब राजनीतिक समर्थन भी मिलने लगा है। दूसरी तरफ एक दिन पहले ही पंचकूला में आयोजित स्नेह मिलन समारोह के दौरान पूर्व वित्त मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता कैप्टन अभिमन्यु ने खाप पंचायतों द्वारा उठाए जा रहे कदमों की भूरि भूरि प्रशंसा की थी। पूर्व मंत्री ने शासन और प्रशासन को समाज हित में इस पर जल्द से जल्द ठोस कदम उठाने की बात कही थी। ऐसे में आगामी मानसून सत्र में सोशल मीडिया पर अश्लील सामग्री का मुद्दा प्रमुखता से उठने के आसार हैं। विधानसभा समिति में सत्ता पक्ष के साथ-साथ कांग्रेस के सदस्य भी शामिल हैं और सभी अश्लील कंटेंट पर प्रभावी रोक लगाने की जरूरत पर सहमत नजर आ रहे हैं। माना जा रहा है कि समिति की सिफारिशों के आधार पर सरकार इस दिशा में ठोस कदम उठा सकती है। इधर, खाप पंचायतें सामाजिक जागरूकता अभियान चलाकर युवाओं को सकारात्मक दिशा देने और सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करने की अपील कर रही हैं। खापों की पहल पर कई हरियाणवी कलाकार भी सार्वजनिक रूप से इसे गलत बता चुके है।

## स्थायी नियुक्ति होने तक मुकेश गर्ग संभालेंगे एचईआरसी अध्यक्ष का कार्यभार

**चंडीगढ़।** हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग (एचईआरसी) के अध्यक्ष नंद लाल शर्मा के आकस्मिक निधन के बाद आयोग के वरिष्ठतम सदस्य मुकेश गर्ग नियमित अध्यक्ष की नियुक्ति तक अध्यक्ष के दायित्वों का निर्वहन करेंगे। इस संबंध में



आयोग ने हरियाणा विद्युत सुधार अधिनियम, 1997 की धारा 3(4) के तहत आदेश जारी कर दिया है। आयोग के अनुसार, 23 जुलाई को नंद लाल शर्मा के निधन से अध्यक्ष का पद रिक्त हो गया था। इसके बाद आयोग की बैठक में विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 92(2) के प्रावधानों के तहत अध्यक्ष की अनुपस्थिति में बैठक की अध्यक्षता के लिए उपस्थित सदस्यों मुकेश गर्ग और शिव कुमार ने सर्वसम्मति से मुकेश गर्ग का चयन किया। साथ ही यह निर्णय लिया गया कि नियमित अध्यक्ष के कार्यभार ग्रहण करने तक मुकेश गर्ग आयोग के अध्यक्ष के सभी दायित्व निभाएंगे। उल्लेखनीय है कि मुकेश गर्ग ने 2 फरवरी 2024 को हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग में विधि पृष्ठभूमि के सदस्य के रूप में पदभार ग्रहण किया था।


### हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दादा लख्मी चंद राज्य प्रदर्शन एवं दृश्य कला विश्वविद्यालय सेक्टर-6, रोहतक | डीएलसी सुपवा, रोहतक में यूईडब्ल्यू की कंडम सामग्री का निपटान। | मोहरबंद उद्धरण दिनांक 05.08.2026 को अप. 3.00 बजे नीलामी कमेटी द्वारा प्राप्त किए जाएंगे। | आरक्षित मूल्य रु. 9,74,431/- | http://dlcsupva.ac.in | 9813525690 dpr@dlcsupva.ac.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/47525/I/88/6 दि. 27.07.26

### हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका बवानी खेड़ा | नगर पालिका बवानी खेड़ा में अटल जी सामुदायिक केन्द्र को पूरा करने और अपग्रेडेशन + 4 अन्य विकास कार्यों हेतु द्वितीय बार निविदा। | 24.07.2026 10.08.2026 | डीएनआईटी के अनुरूप | https://etenders.hry.nic.in | 9802401200 mc.bawanikhera1@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/47554/I/88/6 दि. 27.07.26

### हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हैफेड | हैफेड के ब्रांड में विभिन्न किस्मों का चावल और इसके वेरियंट्स (अर्थात सीएसआर-30, पीबी-1121, पीबी-1401, शरबती और परमल) की आपूर्ति के लिए दर अनुबंध हेतु ई-निविदा। | 27.07.2026 18.08.2026 | चावल की सभी किस्मों के लिए 972000 (सीएसआर-30=154000) (पीबी-1121=376000) (पीबी-1401=185000) (शरबती =102000) (परमल = 155000) | www.hafed.gov.in | 1722920520 hafedmarketing1@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/47569/I/88/6 दि. 27.07.26

### हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दि रोहतक सह. दुग्ध उत्पादक संघ लिमिटेड | 200 केवीए, 11 केवी/0.415 केवी ट्रांसफॉर्मर, कॉपर वाइंडिंग की खरीद। | 27.07.2026 03.08.2026 | 10,000/- | www.vitaindia.org.in | 9896401185 vitarohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/47524/I/88/6 दि. 27.07.26

### हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका कलानौर | एम.सी. कलानौर में मोखरा रोड शमशान घाट में एचएचआरसी के अनुरूप ग्रीन क्रेमेटोरियम पर आधारित काउ डंग स्टिक के निर्माण के लिए तृतीय बार निविदा + 3 अन्य कार्य। | 24.07.2026 03.08.2026 | 84.43 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9802401200 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/47518/I/88/6 दि. 27.07.26

### हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पंचायती राज अम्बाला | एमपीएलएडी- रामनगर डेरा गांव धीन, ब्लॉक बराड़ा, जिला अम्बाला में बस शैड (बस क्यू शेल्टर) का निर्माण। | 24.07.2026 30.07.2026 | 3.01 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 2 | पंचायती राज कुरुक्षेत्र | जलबेहरा - गांव जलबेहरा ब्लॉक इस्माइलाबाद में तालाब का निर्माण / पुनरोद्धार + 2 कार्य। | 24.07.2026 30.07.2026 | 133.28 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896224357 prexeeng.krk@hry.nic.in |
| 3 | मोती लाल नेहरू खेल विद्यालय, राई, सोनीपत | लैंडस्केपिंग सेवाएं। | 25.07.2026 14.08.2026 | 35 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8708859410 mnssrai@rediffmail.com |
| 4 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, नल्हार नूह | शहीद हसन खान मेवाती राजकीच चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार में एचवीएसी सेवाओं के व्यापक रखरखाव अनुबंध (सीएमसी) के प्रावधान हेतु निविदा। | 27.08.2026 10.08.2026 | 120 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 126700282 dirshkmnuh.med-hry@nic.in |
| 5 | सिविल सर्जन नारनौल | सिविल सर्जन नारनौल के जिला प्रशिक्षण केन्द्र कार्यालय में प्रशिक्षक और प्रशिक्षु के लिए भोजन की व्यवस्था। | 25.07.2026 05.08.2026 | ईएमडी 10500/- | https://etenders.hry.nic.in | 9355471955 dcstrg.mhn@gmail.com |
| 6 | वन विभाग, सिरसा | राज्य, कैम्पा और एनएचएआई स्कीम के तहत सिरसा, रानियां, डबवाली और कालांवाली रैंज में नया पौधारोपण और कार्यों का रखरखाव। | 24.07.2026 29.07.2026 | 1513.14 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416067122 forest_srisa@yahoo.com |
| 7 | वन विभाग, सिरसा | राज्य और कैम्पा स्कीम के तहत सिरसा, रानियां, डबवाली और कालांवाली रैंज में प्लांटेशन रखरखाव और नर्सरी और कार्य। | 24.07.2026 30.07.2026 | 418.38 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416067122 forest_srisa@yahoo.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.etenders.hry.nic.in पीआरडीएच-11/2027/140/47566/I/88/6 दि. 27.07.26

## खबर संक्षेप

### मंडी में आढ़ती का सिर फोड़कर लूटे 1.5 लाख

**कुरुक्षेत्र।** अनाज मंडी में बदमाश फल और सब्जी के आढ़ती के साथ मारपीट कर डेढ़ लाख रुपये नकदी उठाकर ले गए। घटना तड़के करीब 3 बजे की है। आढ़ती अपने पल्लेदार विकास और अभिषेक के साथ फल और सब्जी निकालकर बाहर रख रहा था। इसी दौरान कार में आए 4-5 बदमाशों ने हमला कर दिया। आढ़ती संजय कुमार (33) निवासी गोबिंदगढ़ के सिर में ज्यादा चोट आई है। परिवार उसके हाथ और पैर में भी फ्रैक्चर आने की बात कह रहा है। फिलहाल आढ़ती का शहर के निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### ऑस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर 7.45 लाख रुपये ठगे

**कैथल।** ऑस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर गुहला के गांव बोपुर के युवक से 7.45 लाख की ठगी कर ली। चीका थाना पुलिस ने मोहाली के एजेंट के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गुरमीत सिंह ने बताया कि वह ऑस्ट्रेलिया जाना चाहता था। उसकी मुलाकात मोहाली के हितांशु से हुई। आरोपी ने 12 फरवरी से 30 जून 2026 के बीच उससे कुल 7 लाख 45 हजार लिए। इसके बाद भी वीजा नहीं आया।

## फरीदाबाद में बिजली कर्मचारी के सुसाइड पर हंगामा

# थाने में पानी मिला न बाथरूम जाने दिया घर आकर लगाया फंदा, एसएचओ पर केस

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फरीदाबाद

थाने से लौटने के कुछ घंटे बाद बिजली कंपनी के सीनियर टेक्नीशियन ने घर में फंदा लगाकर जान दे दी। सुसाइड नोट में उसने संबंधित थाने के एसएचओ देवेंद्र पर पूछताछ के नाम पर प्रताड़ित करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। घटना के बाद निजी अस्पताल से शव को लेकर पहुंचे परिजनों और पुलिस के बीच काफी देर तक बहस होती रही। परिजन शव को पुलिस कमिश्नर कार्यालय ले जाकर रखने की बात पर अड़ गए। बाद में एसीपी ने खेड़ी पुल थाना प्रभारी देवेंद्र के खिलाफ सुसाइड करने के लिए मजबूर करने की धारा में केस दर्ज कर लिया है। इसके बाद परिजन पोस्टमार्टम करवाने को राजी हुए। बिजली कर्मी की दो महीने बाद रिटायरमेंट थी। पुलिस ने उन्हें 2017 के एक मामले में पूछताछ के लिए बुलाया था। परिजनों के मुताबिक, पिछले कुछ दिनों से सतीश कुमार को एक पुराने मामले में लगातार नोटिस भेजकर खेड़ी पुल थाने बुलाया जा रहा था। शनिवार को भी उन्हें सुबह करीब 10 बजे बुलाया गया और शाम करीब 6 बजे तक थाने में बैठाए रखा गया। बेटे विवेक का आरोप है कि इस दौरान उनके पिता के साथ मानसिक रूप से प्रताड़ना की गई, पानी तक नहीं पीने दिया गया, बाथरूम जाने से रोका गया और सोमवार को गिरफ्तार करने की धमकी दी गई। इसी से परेशान होकर उन्होंने घर जाकर फंदा लगा लिया।


परिजनों को समझाते पुलिस अधिकारी। इनसेट में सतीश का फाइल फोटो।

### 2017 में मजदूर की मौत मामले में जांच

मृतक की पहचान भनकपुर गांव निवासी सतीश कुमार (60) के रूप में हुई है। वह फरीदाबाद में ही पावर ग्रिड कंपनी में काम कर रहे थे। 1988 में भर्ती हुए थे और दो महीने बाद 30 सितंबर 2026 को रिटायरमेंट होनी थी। परिजनों ने बताया कि साल 2017 का एक पुराना मामला था। तब बिजली की हाइटेंशन लाइन के नीचे बैठे मजदूर की मौत हो गई थी। नेशनल थर्मल पावर कारपोरेशन और पावर ग्रिड की लाइन वहां से जा रही थी। इस कारण दो कंपनियों के बीच मामला फंस गया था। मामले में पावर ग्रिड कंपनी पर लापरवाही का केस दर्ज हुआ था। कंपनी की ओर से कोर्ट व थाने से जुड़े कानूनी काम सतीश कुमार ही देख रहे थे।

### जेल में बंद साइबर ठगी के आरोपी की मौत

**रेवाड़ी।** शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर लाखों रुपये की ठगी करने के मामले में गिरफ्तार करने के बाद न्यायिक हिरासत में बंद एक विचाराधीन कैदी की सोमवार को हार्ट अटैक से मौत हो गई। साइबर थाना पुलिस ने बीते सप्ताह महाराष्टÑ के कोल्हापुर जिले के निवासी 40 वर्षीय राहुल राजेन्द्र कदम सहित दो लोगों को ठगी के मामले में गिरफ्तार किया था। सोमवार सुबह राहुल राजेंद्र कदम को सीने में दर्द हुआ था। जेल प्रशासन ने उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## गठड़ी में 5.01 लाख हस्ताक्षर लेकर ज्ञापन देने पहुंचे गोभक्त



गोमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलवाने व संरक्षण की उठाई मांग, कई जिलों में किया प्रदर्शन

**रोहतक (हरिभूमि न्यूज)।** गो माता को राष्ट्रमाता का दर्जा देने और गो संरक्षण के लिए सख्त कानून बनाने की मांग को लेकर डीसी कार्यालय के बाहर गो भक्तों ने नारेबाजी की। गो माता सम्मान जन-अभियान के प्रतिनिधियों ने 5.01 लाख हस्ताक्षरों वाला ज्ञापन उपायुक्त को सौंपा। हस्ताक्षर प्रदेश और देश के विभिन्न हिस्सों से जुटाए गए हैं।

## पुलिस वालों को चकमा देकर सिविल अस्पताल से भागा चोर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

नागरिक अस्पताल परिसर में सोमवार को बाइक चोरी के आरोप में पकड़ा गया एक आरोपी पुलिस अभिरक्षा से हथकड़ी समेत फरार हो गया। आरोपी को अदालत में पेश करने से पहले मेडिकल जांच के लिए लाया गया था। इसी दौरान वह पुलिसकर्मियों को जोरदार झटका देकर मौके पर ही चप्पलें छोड़कर कबीर बस्ती की ओर भाग निकला। पुलिस की सीआईए व अन्य टीमों को आरोपी की धरपकड़ के लिए लगाया गया है। थाना शहर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्र ने बताया कि 25 जुलाई को सिरसा जिले के गांव भरोखां निवासी रवि भाम्भू पुत्र कृष्ण कुमार की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज किया गया था। 24 जुलाई को फतेहाबाद बिजली घर के बाहर पार्किंग से उसकी प्लेटिना मोटरसाइकिल चोरी हो गई थी। पुलिस ने आरोपी गांव भूथन कलां निवासी सुरजीत को गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने बाइक भी बरामद कर ली थी। सोमवार सुबह एक हेड कांस्टेबल और एक होमगार्ड आरोपी सुरजीत को अस्पताल लाए थे, जहां से वह भाग गया।

## फरीदाबाद के युवक की पत्नी के सामने यूपी में गोली मारकर हत्या

**फरीदाबाद।** जिले के एक युवक की यूपी में गोली मारकर हत्या कर दी गई। जानकारी के अनुसार, दयालपुर निवासी अरुण हुड्डा (32) शुक्रवार को अपनी पत्नी राखी और बच्चे के साथ कार से वाराणसी में दर्शन करने गए थे। रविवार को वह दर्शन कर लौट रहे थे। फर्रुखाबाद के पांचाल घाट के पास एक किराना की दुकान पर रुके और कुछ सामान लेने लग गए। उनके साथ पत्नी व बच्चा भी थे। इसी दौरान एक कार से आए बदमाशों ने अचानक फायरिंग कर दी। अरुण को 2 गोलियां लगीं, जिससे उसकी मौत हो गई। हत्या के कारणों का खुलासा नहीं हुआ।

## आश्रम के पालने में छोड़ी दो माह की बेटी, गोद लेने वालों की लगी लाइन

**कैथल।** कैथल के क्वालिटी चौक पर श्री सनातन धर्म सभा द्वारा चलाई जा रही बाल उपवन आश्रम की एजेंसी के बाहर लगे पालने में करीब दो माह की बेटी को कोई छोड़ गया। बच्ची पूरी तरह स्वस्थ बताई जा रही है। सभा के प्रधान रविभूषण गर्ग ने बताया कि सभा द्वारा बाल उपवन आश्रम में अनाथ व असहाय बच्चों को आश्रय दिया जाता है। इसे लेकर एजेंसी के मुख्य द्वार पर शिशु पालना लगाया गया है। एजेंसी के कर्मचारियों को रविवार रात करीब साढ़े 8 बजे पालने का अलार्म सुनाई दिया। कर्मचारियों ने आकर देखा तो वहां पालने में एक करीब दो माह की बच्ची मिली। उन्होंने आह्वान किया कि कोई भी अपने बच्चे को बाहर न फेंके बल्कि एजेंसी को दें ताकि उनको अच्छा जीवन दिया जा सके। बाल कल्याण समिति के चेयरमैन भीमसेन अग्रवाल ने बताया कि एजेंसी से अब तक 90 से अधिक बच्चों को गोद दिया जा चुका है। अब जैसे ही इस बच्ची के मिलने बारे सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को जानकारी मिली तो उसी समय से बच्ची को गोद लेने वालों व पूछताछ करने वालों की कतार लग गई।




## हरियाणा कमेटी करेगी मीरी-पीरी संस्थान का प्रबंधन

**कुरुक्षेत्र।** शाहबाद में मीरी-पीरी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च सेंटर को लेकर चल रहा विवाद आखिरकार थम गया। सोमवार को करीब 3 घंटे की कार्रवाई के बाद हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी ने संस्थान को टेकओवर कर लिया। इसके लिए जिला प्रशासन की ओर से सिंचाई विभाग के एक्सईएन नवतेज सिंह को ड्यूटी मजिस्ट्रेट लगाया था। साथ ही किसी भी हालात से निपटने के लिए पुलिस बल को तैनात भी किया था। हालांकि शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी का कोई पदाधिकारी संस्थान में नहीं आया। प्रधान जगदीश सिंह झींडा ने कहा कि आज से हरियाणा कमेटी मीरी-पीरी संस्थान का प्रबंधन करेगी। स्टाफ की जिम्मेदारी पूरी तरह एचएसजीएमसी की होगी। संस्थान का संचालन पहले की तरह जारी रहेगा। बिना किसी चिंता के स्टाफ अपना काम जारी रखे। झींडा ने स्टाफ को भरोसा दिलाया कि मंगलवार को उनकी एक महीने की सैलरी करीब 1 करोड़ 37 लाख रुपये डाल दिए जाएंगे। बकाया दो महीने की सैलरी भी जल्द देने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई।

## पुरानी पेंशन का लाभ देने में नियमितीकरण से पहले की सेवा भी गिनी जाएगी : हाईकोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▸▸ चंडीगढ़

पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने लंबे समय तक अंशकालिक, अस्थायी या संविदा आधार पर लगातार सेवा देने वाले कर्मचारियों को बड़ी राहत देते हुए स्पष्ट किया है कि नियमितीकरण से पहले की उनकी निर्बाध सेवा को भी पेंशन के लिए अर्हकारी सेवा (क्वालीफाइंग सर्विस) माना जाएगा। अदालत ने कहा कि यदि इस सेवा को जोड़ने पर कर्मचारी पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) के दायरे में आते हैं तो केवल इस आधार पर उन्हें लाभ से वंचित नहीं किया जा सकता कि उनका नियमितीकरण नई पेंशन योजना (एनपीएस) लागू होने के बाद हुआ। जस्टिस हरप्रीत सिंह बराड़ ने 95 याचिकाओं के समूह का एक साथ निपटारा करते हुए यह महत्वपूर्ण फैसला सुनाया। अदालत ने याचिकाओं को दो श्रेणियों में विभाजित किया। पहली श्रेणी में वे कर्मचारी थे जिन्हें 1 जनवरी 2006 से पहले अंशकालिक, अस्थायी या संविदा आधार पर नियुक्त किया गया था, लेकिन उनका नियमितीकरण बाद में हुआ। इन कर्मचारियों की मांग थी कि नियमितीकरण से पूर्व की सेवा को भी पेंशन के लिए गिना जाए। दूसरी श्रेणी में वे कर्मचारी शामिल थे जिन्होंने हरियाणा सरकार के 8 मई 2023 के कार्यालय ज्ञापन के आधार पर पुरानी पेंशन योजना का लाभ मांगा था। उनका कहना था कि जिन पदों पर उनकी नियुक्ति हुई, उनके लिए भर्ती प्रक्रिया नई पेंशन योजना लागू होने से पहले शुरू हो चुकी थी, जबकि प्रशासनिक देरी के कारण नियुक्ति बाद में हुई। राज्य सरकार ने पंजाब सिविल सर्विसेज नियमों का हवाला देते हुए तर्क दिया कि अंशकालिक सेवा को पेंशन के लिए अर्हकारी सेवा नहीं माना जा सकता। हालांकि हाई कोर्ट ने इस दलील को स्वीकार नहीं किया।

## फर्जी जमानतदार को पकड़ने बनाएं प्रभावी व्यवस्था

**चंडीगढ़।** हाईकोर्ट ने फर्जी तरीके से जमानतदार बनने के मामलों पर गंभीर चिंता जताते हुए ऐसी व्यवस्था विकसित करने का सुझाव दिया है, जिससे बार-बार विभिन्न मामलों में जमानतदार बनने वाले व्यक्तियों की समय रहते पहचान की जा सके। जस्टिस संजय वशिष्ठ ने यह टिप्पणी एक मामले की सुनवाई के दौरान की, जिसमें एक व्यक्ति किसी दूसरे की पहचान धारण कर जमानतदार के रूप में अदालत में पेश हुआ था।






## खबर संक्षेप

### पंजाबः पीटने से पत्नी बेहोश मरा समझ सुसाइड किया

**फिरोजपुर।** फिरोजपुर में पति ने पत्नी को पीट-पीटकर अधमरा कर दिया, प्लास से उसके होठ खींचे, जिससे वह बेहोश हो गई। पत्नी को मरा समझकर उसने खुद पुलिस को फोन कर कहा कि मैंन पत्नी को मार डाला। इसके बाद वह सीधे उस सरकारी स्कूल में पहुंचा, जहां उसकी पत्नी नौकरी करती थी। उसने स्कूल परिसर में बनी पानी की टंकी से फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पति के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सिविल अस्पताल भेज दिया।

### स्कूली किताबों में 2000 से ज्यादा त्रुटियां

**भुवनेश्वर।** ओडिशा विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और बीजद प्रमुख



नवीन पटनायक ने सरकारी स्कूलों में 2000 त्रुटिपूर्ण पाठ्य पुस्तकों के वितरण को लेकर स्कूल एवं जनशिक्षा मंत्री नित्यानंद गोंड के इस्तीफे की मांग की है। छात्रों तक गलतियों से भरी किताबों से उनका भरोसा तोड़ा।

## राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामला : सुप्रीम कोर्ट का बड़ा आदेश

# एसआईटी में सीए भी शामिल करो

- चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी मोहना की बेंच ने की सुनवाई

एजेंसी ▶▶| लखनऊ (अयोध्या)

अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले की सोमवार दोपहर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट को बताया- नई एसआईटी बना दी गई है। आईजी किरण एस इसे लीड कर रहे हैं। टीम में एक डिप्टी इंस्पेक्टर जनरल (डीआईजी), एक वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी ) और एक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) भी शामिल हैं। चीफ जस्टिस (सीजेआई ) सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी मोहना की बेंच ने सॉलिसिटर जनरल से पूछा- क्या चोरी की जांच कर रही एसआईटी की इस नई टीम को हर चीज का एक्सेस होगा? इसपर तुषार मेहता ने हामी भरी। दोपहर करीब 3:30 बजे सुनवाई के दौरान सीजेआई ने कहा- हम इस जांच को बंद नहीं कर रहे हैं। चोरी के इस मामले में और भी सुधार के कदम उठाने होंगे। एसआईटी में फोरेंसिक ऑडिटर को शामिल करिए। ऑडिटर वित्तीय अपराधों का पता लगाने के लिए खातों और रिकॉर्ड्स की जांच करेगा। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई दो सप्ताह बाद तय की है। एसआईटी को निर्देश दिया है कि वह दो हफ्ते के भीतर अपनी जांच की स्टेटस रिपोर्ट अदालत में दाखिल करे। अब अगली सुनवाई में कोर्ट इस रिपोर्ट के आधार पर फैसला करेगा। कोर्ट ने 20 जुलाई को यूपी सरकार को नए सिरे से विशेष जांच टीम गठित करने का आदेश दिया था और अब तक हुई जांच की रिपोर्ट मांगी थी।

### अगली सुनवाई दो सप्ताह बाद



- नई एसआईटी में आईजी किरण एस, डीआईजी सोमेन बर्मा और एसएसपी गौरव समेत वरिष्ठ अधिकारी शामिल
- एसआईटी को दो सप्ताह के भीतर पहली स्टेटस रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट में पेश करने का निर्देश दिया गया

### वेबसाइट पर मिले दान का विवरण

सीनियर एडवोकेट देवदत्त कामत ने कहा- लाखों श्रद्धालु 500, 1000 या अन्य छोटी-बड़ी राशि श्रद्धा से दान करते हैं। अगर वह धन ट्रस्ट तक नहीं पहुंच रहा है तो यह गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने सुझाव दिया कि ट्रस्ट को प्राप्त होने वाले दान का विवरण सार्वजनिक वेबसाइट पर उपलब्ध कराया जाए, ताकि दानदाता यह देख सकें कि उनकी राशि सुरक्षित रूप से ट्रस्ट तक पहुंची है। उन्होंने कहा कि यह किसी पक्ष के खिलाफ लड़ाई नहीं, बल्कि पारदर्शिता सुनिश्चित करने का प्रयास है। इससे पहले विजय विश्वास पंत की एसआईटी ने जांच की थी।

### आठ आरोपियों की न्यायिक हिरासत 10 अगस्त तक बढ़ी

**अयोध्या।** (भाषा) राम मंदिर कथित चढ़ावा चोरी मामले के सभी आठ आरोपियों की न्यायिक हिरासत एक स्थानीय विशेष अदालत ने सोमवार को 14 दिनों के लिए बढ़ा दी। बचाव पक्ष के वकील ने यह जानकारी दी। बचाव पक्ष के वकील कुल शेखर सिंह ने बताया कि विशेष न्यायाधीश (भ्रष्टाचार निरोधक) रजत वर्मा ने आरोपियों को जिला जेल से वस्तुतः अदालत में पेश किए जाने के बाद उनकी न्यायिक हिरासत 10 अगस्त तक बढ़ा दी। ये आरोपी अविनाश शुक्ला, अनुकल्प मिश्रा, लवकुश मिश्रा, मनीष कुमार यादव, करुणेश पांडे, रमाशंकर मिश्रा, सुभाष श्रीवास्तव और राम शंकर यादव उर्फ टिन्नू हैं। पुलिस जांच के तहत उनसे पुलिस हिरासत के दौरान पूछताछ कर चुकी है। यह मामला अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर में भक्तों द्वारा चढ़ाये गये चढ़ावे के कथित गबन से संबंधित है।

## दिल्ली दंगों में आईबी अफसर की हत्या का मामला

# आप नेता ताहिर को फांसी देने की मांग

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को 2020 के दिल्ली दंगों के दौरान हुई आसूचना ब्यूरो (आईबी) के अधिकारी अंकित शर्मा की हत्या के मामले में दोषी ठहराए गए आम आदमी पार्टी के पूर्व पार्षद ताहिर हुसैन और चार अन्य लोगों को दी जाने वाली सजा पर अपना फैसला 31 जुलाई तक के लिए सुरक्षित रख लिया। पांच दोषियों को दी जाने वाली सजा की अवधि पर दलीलें सुनने के बाद, अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश प्रवीण सिंह ने अपना फैसला शुक्रवार तक के लिए सुरक्षित रख लिया। सुनवाई के दौरान, दिल्ली पुलिस ने अदालत से सभी पांचों दोषियों को मृत्युदंड दिए जाने का अनुरोध किया और कहा कि शर्मा पर लगातार हमला करते हुए वे "जानवरों जैसी हरकतों पर उतर आए थे"। विशेष लोक अभियोजक मधुकर पांडे ने अदालत में कहा कि दोषियों ने शर्मा का अपहरण किया, बेरहमी से मारपीट की और उनकी हत्या कर दी। उन्होंने कहा कि शर्मा की मौत के बाद भी वे उन पर वार करते रहे। कोर्ट ने 11 आरोपियों में से 6 को पहले ही बरी कर चुकी है। कोर्ट ने ताहिर को दोषी ठहरा चुकी है।



सजा 31 जुलाई को सुनाई जाएगी

11 आरोपियों में से 6 को बरी कर दिया गया था

## मद्रास हाईकोर्ट का तमिलनाडु सीएम विजय को झटका

# करूर भगदड़ पीड़ितों को नौकरी देने का आदेश रद्द

- सीएम ने भगदड़ में जान गंवाने वाले लोगों के 31 परिजनों को नियुक्ति पत्र सौंपे थे

भाषा ▶▶| मदुरै

मद्रास उच्च न्यायालय की मदुरै पीठ ने सोमवार को उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें पिछले साल करूर में हुई भगदड़ में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों को सरकारी नौकरी देने का प्रावधान किया गया था। अदालत ने कहा कि भगदड़ में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों को सरकारी नौकरी देने संबंधी आदेश संविधान के अनुच्छेद 14 और 16 का उल्लंघन करता है। पीठ ने यह भी कहा कि भगदड़ पीड़ितों के परिजनों को सरकारी नौकरी देने के आदेश से इसी तर्ज पर नौकरी की मांग करने वालों की बाढ़ आ जाएगी। मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय ने भगदड़ में जान गंवाने वाले लोगों के 31 परिजनों को 10 जुलाई 2026 को नियुक्ति पत्र सौंपे थे।

# संसद में हंगामा, विपक्ष चर्चा से भाग रहाः रिजिजू

**नई दिल्ली।** संसद के दोनों सदनों में जारी गतिरोध के बीच केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने विपक्ष पर



तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि सरकार हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है, लेकिन विपक्ष बहस से बचने के लिए लगातार हंगामा कर रहा है। रिजिजू ने कहा कि संसद चर्चा का मंच है, लेकिन विपक्ष मुद्दों पर बहस करने के बजाय सदन की कार्यवाही बाधित कर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष जानबूझकर संसद नहीं चलने देना चाहता। सरकार सभी महत्वपूर्ण विषयों पर जवाब देने और चर्चा करने के लिए तैयार है, लेकिन विपक्ष का रवैया लोकतांत्रिक परंपराओं के अनुरूप नहीं है। रिजिजू ने विपक्ष से सदन की कार्यवाही सुचारु रूप से चलाने और चर्चा में भाग लेने की अपील की।

### राहुल गांधी को एलओपी से हटाएंगेः निशिकांत

भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर निशाना साधा है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा जल्द उन्होंने विपक्ष के नेता के पद से हटाने का प्रस्ताव पेश करने की कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए। 2004 से 2026 तक, उनकी किसी भी विदेश यात्रा के बारे में किसी को कुछ नहीं पता।

## एथेनॉल ब्लेंडिंग में मेरा रोल नहींः गडकरी

# डीपफेक वीडियो पर मेटा-एक्स पर केस करेंगे, कोर्ट की मंजूरी

- दोनों प्रोजेक्ट पूरी तरह से केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के हैं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने बॉम्बे हाईकोर्ट में दायर एक याचिका में कहा कि पेट्रोल में एथेनॉल मिलाने में उनका कोई रोल नहीं है। ये दोनों प्रोजेक्ट पूरी तरह से केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के हैं। दरअसल मेटा प्लेटफॉर्म्स, एक्स और गूगल पर एथेनॉल मामले में गडकरी के कई सारे एआई-जनरेटेड डीपफेक वीडियो वायरल हो रहे हैं। गडकरी ने याचिका में कहा है कि इन वीडियो में उन्हें एथेनॉल ब्लेंडेड पेट्रोल (ईबीपी) प्रोग्राम और ई20 पहल से गलत तरीके से जोड़ा गया है। बॉम्बे हाईकोर्ट ने सोमवार को डिजिटल कंटेंट के खिलाफ कार्रवाई की अनुमति दे दी है। अब गडकरी मेटा प्लेटफॉर्म्स, एक्स और गूगल कंपनी के खिलाफ सिविल सुट दायर कर सकते हैं।

## क्या यही है 'रंगला पंजाब': रवनीत बिट्टू

# पंजाब में भाजपा दफ्तर पर पेट्रोल बम से हमला

एजेंसी ▶▶| चंडीगढ़

पंजाब के संगरूर में बीजेपी के दफ्तर पेट्रोल बम से हमले की घटना सामने आई है। पेट्रोल बम फेंकने से कार्यालय की बाहरी दीवार पर काले निशान पड़ गए, हालांकि इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ। बीजेपी दफ्तर पर पेट्रोल बम से हमला सुबह 3 बजे के करीब हुआ। पुलिस के अनुससार एक सीसीटीवी में दिख रहा है कि एक अज्ञात व्यक्ति ने बीजेपी दफ्तर पर एक बोतल फेंकी। जिससे आग लगी। जानकारी के अनुसार यह घटना सुबह करीब 3:00 बजे हुई जब एक अज्ञात व्यक्ति ने बीजेपी ऑफिस पर पेट्रोल से भरी कांच की बोतल फेंकी। बोतल इमारत की बाहरी दीवार से टकराई और उसमें आग लग गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। भाजपा नेता ने रवनीत सिंह बिट्टू ने कहा कि भगवंत मान जी, क्या यही आपका 'रंगला पंजाब' है।


## यूपी पुलिस ने शुरू की जांच

# 'जुनैद को खाना बांटने के लिए फंड कहां से मिला'

एजेंसी ▶▶| गाजियाबाद

जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन कर रहे लोगों को खाना बांटने वाले व्यक्ति ने जुनैद ने आरोप लगाया है कि पुलिस ने उसे उठाया, उससे पूछताछ की, उसकी आंखों पर पट्टी बांधी और उसे गाजियाबाद के मसूरी ले गई। प्रदर्शनकारी जुनैद ने दावा किया कि पूरी रात उसकी आंखों पर पट्टी बंधी रही। एक अधिकारी ने कथित तौर पर उससे पूछताछ की।

पुलिस अधिकारी ने उससे पूछा कि उसे फंड कहां से मिल रहा है और उसने इतना सारा खाना कैसे बांटा? इसके बाद पुलिस मोहम्मद जुनैद मालिक को मसूरी ले गई और वहां छोड़ दिया। जुनैद ने दावा किया कि वह शनिवार को कैब से दिल्ली लौटा। सोशल मीडिया पर एक वीडियो में मोहम्मद जुनैद मालिक ने कहा कि उसे और उसके एक दोस्त को कुछ लोगों ने रोका, जिन्होंने खुद को दिल्ली पुलिस का जवान बताया। जुनैद कुत्ते के काटने का इलाज कराकर राम मनोहर लोहिया अस्पताल से लौट रहा था। जुनैद ने पूछताछ में सवालों के जवाब दिए।

## चिंतन

# अड़ियल रवैया छोड़कर शिक्षा पर चर्चा करे विपक्ष

देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था में संसद केवल आरोप-प्रत्यारोप का मंच नहीं, बल्कि जनहित के मुद्दों पर गंभीर विमर्श और बेहतर कानून बनाने का सर्वोच्च संस्थान है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि लोक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) संशोधन विधेयक, 2026 जैसे महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा शुरू होने से पहले ही सदन हंगामे की भेंट चढ़ गया। विपक्ष का यह कहना कि नीट पेपर लीक प्रकरण में गृह मंत्री अमित शाह सदन में बयान दें, अपनी जगह एक राजनीतिक मांग हो सकती है, लेकिन करोड़ों छात्रों के भविष्य से जुड़े कानून पर बहस को बाधित करना लोकतांत्रिक दायित्वों के अनुरूप नहीं कहा जा सकता। इसलिए विपक्ष अड़ियल रवैया छोड़कर शिक्षा व्यवस्था में सुधार वाले इस बिल पर चर्चा करे और इसमें सुधार के लिए अपने सुझाव दे, ताकि इस कानून को और मजबूत किया जा सके। प्रस्तावित संशोधन में पेपर लीक के आरोपियों के लिए अधिक कठोर सजा, भारी आर्थिक दंड और विशेष फास्ट ट्रैक अदालतों की व्यवस्था जैसे प्रावधान किए गए हैं। इससे मामलों की रोजाना सुनवाई संभव होगी और दोषियों को वर्षों तक कानूनी प्रक्रिया का लाभ लेकर बच निकलने का अवसर कम मिलेगा। साथ ही यह कानून यूपीएससी, एसएससी, रेलवे, बैंकिंग, एनटीए तथा अन्य केंद्रीय परीक्षाओं पर लागू होगा, जिससे इसकी व्यापकता और प्रभाव दोनों बढ़ेंगे। हालांकि केवल कठोर कानून बना देना पर्याप्त नहीं है। विपक्ष की यह भूमिका भी उतनी ही महत्वपूर्ण है कि वह विधेयक का सूक्ष्म अध्ययन करे और आवश्यक सुधारों के सुझाव दे। उदाहरण के लिए, परीक्षा एजेंसियों की जवाबदेही, साइबर सुरक्षा, प्रश्नपत्रों की डिजिटल सुरक्षा, व्हिसलब्लोअर संरक्षण, परीक्षा केंद्रों की निगरानी और समयबद्ध जांच जैसी व्यवस्थाओं को और मजबूत बनाने पर सार्थक चर्चा हो सकती है। यही रचनात्मक विपक्ष की पहचान होती है। संसद में बहस का उद्देश्य सरकार को घेरना भर नहीं, बल्कि कानून को अधिक प्रभावी और जनहितकारी बनाना भी होता है। यह भी ध्यान रखना होगा कि पेपर लीक केवल कानूनी नहीं, बल्कि सामाजिक और नैतिक चुनौती है। जब तक भ्रष्ट नेटवर्क, तकनीकी कमजोरियां और प्रशासनिक लापरवाही समाप्त नहीं होगी, तब तक केवल दंड के डर से समस्या पूरी तरह खत्म नहीं होगी। इसके लिए पारदर्शी परीक्षा प्रणाली, आधुनिक तकनीक, मजबूत निगरानी और जवाबदेह संस्थागत ढांचे की समानांतर आवश्यकता है। प्रधानमंत्री द्वारा परीक्षा सुधारों के लिए उच्चस्तरीय टास्क फोर्स का गठन इसी दिशा में एक सकारात्मक कदम माना जा सकता है, लेकिन उसकी सिफारिशों को भी शीघ्र लागू करना होगा। संसद में टकराव लोकतंत्र का हिस्सा है, लेकिन जनहित के मुद्दों पर संवाद उससे कहीं अधिक आवश्यक है। सत्ता पक्ष की जिम्मेदारी है कि वह विपक्ष की सार्थक बातों को स्वीकार करे और विपक्ष का दायित्व है कि वह हंगामे से आगे बढ़कर ठोस सुझाव दे। कुल मिलाकर शिक्षा और युवाओं का भविष्य किसी भी दल की राजनीति से बड़ा विषय है। यदि सरकार और विपक्ष इस मुद्दे पर सहमति बनाकर एक मजबूत, पारदर्शी और भरोसेमंद परीक्षा व्यवस्था तैयार कर पाते हैं, तो यही लोकतंत्र की सबसे बड़ी जीत होगी। संसद की गरिमा भी तभी बढ़ेगी, जब बहस का केंद्र राजनीति नहीं, बल्कि देश के विद्यार्थियों का भविष्य बने। यही समय की सबसे बड़ी मांग है।



राजनीति
ओमकार चौधरी

# पंजाब में बड़ी चुनावी चुनौतियां


पंजाब विधानसभा चुनाव 2027 केवल सत्ता परिवर्तन का चुनाव नहीं, बल्कि राज्य की राजनीतिक दिशा और शासन मॉडल पर जनमत का महत्वपूर्ण फैसला होगा। 2022 में प्रचंड बहुमत से सत्ता में आई आम आदमी पार्टी पहली बार अपने पांच वर्षों के कामकाज के आधार पर जनता के बीच जाएगी, जबकि कांग्रेस, भाजपा और शिरोमणि अकाली दल वापसी और विस्तार की रणनीति के साथ मैदान में होंगे। नशा, बेरोजगारी, कृषि संकट, कानून-व्यवस्था, बढ़ता कर्ज, उद्योग, निवेश और युवाओं का पलायन जैसे मुद्दे चुनावी बहस के केंद्र में रहेंगे। ऐसे में मुकाबला केवल दलों का नहीं, बल्कि प्रदर्शन, विश्वसनीयता, नेतृत्व और भविष्य के विजन का भी होगा।

पंजाब का अगला विधानसभा चुनाव केवल सरकार बदलने या बचाने का चुनाव नहीं होगा, बल्कि यह राज्य की राजनीतिक दिशा तय करने वाला चुनाव साबित हो सकता है। 2022 में 117 में से 92 सीटें जीतकर सत्ता में आई आम आदमी पार्टी (आप) अब पहली बार अपने शासन के आधार पर जनता के सामने होगी। दूसरी ओर कांग्रेस, भाजपा और शिरोमणि अकाली दल तीनों सत्ता में आने की लड़ाई लड़ रहे हैं। 2022 में आप को अभूतपूर्व जनादेश मिला था। अब मतदाता वादों के बजाय प्रदर्शन का मूल्यांकन करेगा। जो मुख्य चुनौतियां उसके सामने हैं, उनमें नशे की समस्या पर नियंत्रण कर पाई या नहीं कानून-व्यवस्था को लेकर विपक्ष के लगातार हमले जारी हैं। राज्य ऋण बढ़ने और वित्तीय स्थिति पर सवाल उठ रहे हैं। कृषि संकट का स्थायी समाधान न निकलने पर प्रश्न उठ रहे हैं। उद्योग एवं निवेश आकर्षित करने की चुनौती जस की तस बनी है। युवाओं को रोजगार के सपने दिखाए गए थे। उस दिशा में कोई ठोस स्टेप नहीं लिए गए। आप अपनी उपलब्धियों के रूप में सरकारी नौकरियों, शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली और भर्ती प्रक्रियाओं में सुधार जैसे मुद्दों को सामने रख रही है, जबकि विपक्ष आर्थिक प्रबंधन और प्रशासनिक प्रदर्शन पर प्रश्न उठा रहा है।

लोकसभा चुनावों में कांग्रेस का प्रदर्शन बेहतर रहा, लेकिन विधानसभा चुनाव अलग प्रकृति के होते हैं। उसकी प्रमुख चुनौतियों की बात करें तो मुख्यमंत्री का चेहरा कौन रहे, इसे लेकर आपस में ही लीडरशिप खींचातानी में उलझ गई है। सवाल यह है कि ऐसे में क्या पार्टी एक स्पष्ट नेतृत्व घोषित करेगी या चुनाव सामूहिक नेतृत्व में लड़ेगी ? पंजाब कांग्रेस लंबे समय से विभिन्न नेताओं के बीच शक्ति-संघर्ष से प्रभावित रही है। यदि चुनाव तक संगठन पूरी तरह एकजुट नहीं हुआ तो इसका सीधा लाभ प्रतिद्वंद्वियों को मिल सकता है।

क्या भाजपा चौंका सकती है? यही सबसे रोचक प्रश्न है। भाजपा के पक्ष में जो बातें जाती हैं, उनमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की व्यक्तिगत लोकप्रियता। केंद्र सरकार की योजनाएं। राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा। सीमा राज्य होने के कारण सुरक्षा विमर्। शहरी हिंदू मतदाता में अपेक्षाकृत मजबूत आधार। हाल के महीनों में भाजपा ने पंजाब में अभियान तेज किया है और स्वयं को आप का प्रमुख विकल्प बताने की कोशिश की है लेकिन उसके सामने चुनौतियाँ भी कम नहीं हैं। ग्रामीण सिख क्षेत्रों में उसके पास सीमित संगठन है। किसान आंदोलन के बाद जो दूरी बनी थी, उसे पाटने के लिए गंभीर पहल नहीं हो सकी है। स्वतंत्र रूप से 117 सीटों पर मजबूत स्थानीय नेतृत्व विकसित करना बड़ी चुनौती है। अकाली दल से अलग होने के बाद पारंपरिक वोटों का बिखराव भी एक बड़ी चुनौती है परंतु हरियाणा, बंगाल सहित कई जगह उसके अकेले मैदान में उतरने के फैसले काफी सकारात्मक रहे हैं। उसे फायदा भी मिला है।

क्या भाजपा बंगाल जैसा प्रदर्शन कर सकती है ? इस प्रश्न का उत्तर सरल हां या नहीं में नहीं है। समानताएं क्या हैं? मजबूत केंद्रीय नेतृत्व। संसाधनों की उपलब्धता। संगठन विस्तार की रणनीति। विपक्ष की कमजोरी का लाभ लेने का प्रयास लेकिन पंजाब बंगाल नहीं है। पंजाब की राजनीति तीन विशिष्ट आधारों पर चलती है।



सिख धार्मिक-सामाजिक संस्थाएं। कृषि आधारित अर्थव्यवस्था और क्षेत्रीय अस्मिता। यहां राष्ट्रीय मुद्दों के साथ स्थानीय नेतृत्व और सामाजिक समीकरण अधिक निर्णायक भूमिका निभाते हैं। इसलिए भाजपा का वोट प्रतिशत बढ़ सकता है, सीटें भी बढ़ सकती हैं, लेकिन बंगाल जैसी छलांग लगाना अभी भी कठिन चुनौती माना जाएगा। क्या शिरोमणि अकाली दल वापसी कर सकता है? अकाली दल पंजाब की सबसे पुरानी क्षेत्रीय राजनीतिक शक्ति है। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में किसान आंदोलन, भाजपा से अलगाव, संगठनात्मक कमजोरी, नेतृत्व पर प्रश्नऔर नए पंथिक समूहों को उभार ने उसके सामने कठिन चुनौतियां पेश कर दी हैं। इन सबने उसके आधार को कमजोर किया है। यदि अकाली दल अपनी पारंपरिक ग्रामीण-सिख राजनीति को पुनर्जीवित करता है और संगठनात्मक एकता स्थापित करता है, तो वह किंगमेकर की भूमिका में लौट सकता है। लेकिन पूर्ण बहुमत तक पहुंचना फिलहाल कठिन दिखाई देता है। हाल के समय में पंथिक राजनीति के भीतर नए धड़ों और गठबंधनों की गतिविधियां भी चुनावी समीकरणों को प्रभावित कर सकती हैं।

**पंजाब के वास्तविक चुनावी मुद्दे** : इस बार भावनात्मक मुद्दों से अधिक शासन और अर्थव्यवस्था पर ध्यान रहने की संभावना है। प्रमुख मुद्दों में नशा और ड्रग तस्करी, बेरोजगारी, कृषि संकट, एमएसपी और किसानों की आय, उद्योगों का पलायन, राज्य का बढ़ता कर्ज, कानून-व्यवस्था, गैंगस्टर नेटवर्क, सीमा सुरक्षा, युवाओं का विदेश पलायन, शिक्षा और स्वास्थ्य, भ्रष्टाचार एवं प्रशासनिक पारदर्शिता, पानी और भूजल संकट और नहर एवं सिंचाई व्यवस्था माने जा रहे हैं।

**संभावित चुनावी नैरेटिव** : आम आदमी पार्टी दावा करेगी कि हमने व्यवस्था बदली। भ्रष्टाचार कम किया। शिक्षा और स्वास्थ्य को सुधारा। पुरानी पार्टियों से बेहतर शासन दिया। कांग्रेस कहेगी कि आप ने उम्मीदों पर खरा उतरने वाले प्रदर्शन नहीं किया। पंजाब को अनुभवी सरकार चाहिए। भाजपा का कहना होगा कि डबल इंजन से ही विकास संभव है। राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए इस सीमाब प्रांत में भी उसकी सरकार जरूरी है। वह निवेश और उद्योग लेकर आएगी। रोज़गार के अवसर उपलब्ध कराएगी मजबूत प्रशासन देगी। अकाली दल कहेगा कि पंजाब को उसकी पहचान और संघीय अधिकार दिलाएगी। किसानों और सिख हितों की राजनीति करेगी। क्षेत्रीय दल ही पंजाब के हितों की बेहतर रक्षा कर सकता है।

**2027 का चुनाव संभवतः** इन पांच सवालों पर केंद्रित होगा। क्या आप अपना जनादेश बचा पाएगी? क्या कांग्रेस फिर मुख्य विपक्ष से सरकार तक पहुंच पाएगी? क्या भाजपा पहली बार पंजाब में बड़ी शक्ति बन सकेगी? क्या अकाली दल अपनी ऐतिहासिक भूमिका पुनः प्राप्त करेगा? क्या चुनाव त्रिकोणीय रहेगा या चतुष्कोणीय? पंजाब का चुनाव इस बार केवल दलों के बीच नहीं, बल्कि विश्वसनीयता बनाम उम्मीद, स्थानीय नेतृत्व बनाम राष्ट्रीय नेतृत्व, और शासन बनाम पहचान की राजनीति के बीच भी होगा। आप के लिए यह अपने शासन का जनमत-संग्रह होगा। कांग्रेस के लिए संगठन और नेतृत्व की परीक्षा, भाजपा के लिए विस्तार की चुनौती, और शिरोमणि अकाली दल के लिए अस्तित्व एवं पुनरुत्थान का संघर्ष। यदि चुनाव तक किसी दल ने राज्य के वास्तविक आर्थिक, कृषि और युवा-संबंधी मुद्दों पर विश्वसनीय रोडमैप प्रस्तुत किया, तो वही निर्णायक बढ़त बना सकता है। अभी के राजनीतिक संकेतों के आधार पर मुकाबला खुला है, और किसी एक दल की स्पष्ट बढ़त मान लेना जल्दबाज़ी होगी।

( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## विश्व हेपेटाइटिस दिवस

ऋषभ मिश्रा



# हेपेटाइटिस मुक्त भारत अब बने राष्ट्रीय संकल्प

भारत आज दुनिया के उन देशों में शामिल है जहां वायरल हेपेटाइटिस का बोझ अत्यधिक है। विडंबना यह है कि हेपेटाइटिस बी और सी जैसी बीमारियों की रोकथाम और उपचार दोनों संभव हैं, फिर भी लाखों लोग इनके संक्रमण से अनजान हैं। यही कारण है कि हेपेटाइटिस को साइलेंट किलर भी कहा जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, भारत में लगभग 4 करोड़ लोग हेपेटाइटिस-बी और 60 लाख से 1.2 करोड़ लोग हेपेटाइटिस-सी से दीर्घकालिक रूप से संक्रमित हैं। दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र में हेपेटाइटिस-बी के लगभग 10 करोड़ और हेपेटाइटिस-सी के 3 करोड़ मरीज हैं। हेपेटाइटिस मूलतः यकृत (लीवर) की सूजन है, जो मुख्यतः वायरस के कारण होती है। हेपेटाइटिस-ए और ई प्रायः दूषित भोजन तथा पानी से फैलते हैं, जबकि हेपेटाइटिस-बी और सी संक्रमित रक्त, असुरक्षित इंजेक्शन, संक्रमित उपकरणों तथा मां से नवजात शिशु में फैल सकते हैं। हेपेटाइटिस-बी और सी का सबसे बड़ा खतरा यह है कि इनके लक्षण कई वर्षों तक दिखाई नहीं देते, लेकिन धीरे-धीरे ये लीवर सिरोसिस और लीवर कैंसर जैसी घातक बीमारियों का कारण बन सकते हैं। वैश्विक स्तर पर स्थिति चिंताजनक है। 'डब्ल्यूएचओ' के अनुसार वर्ष 2024 में दुनिया भर में लगभग 28.7 करोड़ लोग हेपेटाइटिस-बी या सी के साथ जीवन जी रहे थे और लगभग 13 लाख लोगों की मृत्यु इनसे संबंधित बीमारियों के कारण हुई। यह संख्या एचआईवी और मलेरिया जैसी कई अन्य संक्रामक बीमारियों के बराबर या उससे अधिक है। भारत में समस्या केवल संक्रमण तक सीमित नहीं है, बल्कि पहचान और उपचार की कमी भी बड़ी चुनौती है। अधिकांश संक्रमित व्यक्तियों को यह पता ही नहीं होता कि वे वायरस के वाहक हैं। जब तक बीमारी का पता चलता है, तब तक लीवर को गंभीर क्षति पहुंच चुकी होती है। विशेषज्ञों के अनुसार देश में करोड़ों लोग हेपेटाइटिस-बी से संक्रमित हैं, लेकिन बड़ी संख्या में लोग कभी जांच तक नहीं कराते। भारत की एक अन्य चुनौती स्वच्छ पेयजल और स्वच्छता का अभाव है। ग्रामीण क्षेत्रों और शहरी झुग्गियों में दूषित जल के कारण हेपेटाइटिस-ए और ई के प्रकोप समय-समय पर सामने आते रहते हैं। हाल के वर्षों में जलजनित रोगों के लाखों मामले दर्ज किए गए हैं, जिनमें हेपेटाइटिस-ए और ई भी शामिल हैं। इसके साथ ही असुरक्षित इंजेक्शन, अनियमित रक्त संक्रमण, टैटू बनवाने में अस्वच्छ उपकरणों का उपयोग तथा स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता की कमी भी संक्रमण के प्रसार में योगदान देती है। कई बार सामाजिक कलंक और भय के कारण लोग जांच कराने से भी बचते हैं। परिणामस्वरूप संक्रमण अनजाने में परिवार और समाज में फैलता रहता है। वस्तुतः हेपेटाइटिस उन्मूलन केवल स्वास्थ्य मंत्रालय की जिम्मेदारी नहीं है। इसके लिए बहुस्तरीय रणनीति की आवश्यकता है। सबसे पहले जन-जागरूकता अभियान को गांव-गांव तक पहुंचाना होगा। स्कूलों, कॉलेजों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में नियमित जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाने चाहिए। दूसरी ओर, गर्भवती महिलाओं की अनिवार्य जांच और नवजात शिशुओं के समयबद्ध टीकाकरण पर विशेष ध्यान देना होगा। इसके अतिरिक्त रक्त बैंकों और स्वास्थ्य संस्थानों में संक्रमण नियंत्रण के मानकों का कठोर पालन सुनिश्चित करना होगा। हेपेटाइटिस-सी के लिए उपलब्ध प्रभावी दवाओं और हेपेटाइटिस-बी के दीर्घकालिक उपचार को अधिक सुलभ और किफायती बनाना भी आवश्यक है। डब्ल्यूएचओ का मानना है कि यदि वर्तमान वैज्ञानिक साधनों का व्यापक उपयोग किया जाए तो वर्ष 2030 तक हेपेटाइटिस को सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट के रूप में समाप्त किया जा सकता है। विश्व हेपेटाइटिस दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि यह बीमारी केवल चिकित्सकीय समस्या नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक चुनौती भी है। इसलिए हेपेटाइटिस के विरुद्ध लड़ाई में सरकार, चिकित्सा समुदाय, नागरिक समाज और आम जनता सभी की समान भागीदारी आवश्यक है। वस्तुतः भारत यदि 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने का सपना देख रहा है, तो उसे अपने नागरिकों के स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी होगी। हेपेटाइटिस जैसी रोकी जा सकने वाली बीमारी से होने वाली मौतें किसी भी आधुनिक समाज के लिए स्वीकार्य नहीं हो सकतीं। समय की मांग है कि जागरूकता को जनांदोलन बनाया जाए, जांच को सामान्य स्वास्थ्य संस्कृति का हिस्सा बनाया जाए, टीकाकरण को हर व्यक्ति तक पहुंचाया जाए और हेपेटाइटिस मुक्त भारत को अब राष्ट्रीय संकल्प बनाना होगा। तभी हेपेटाइटिस मुक्त भारत का लक्ष्य वास्तविकता बन सकेगा।

( लेखिक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# हड़बड़ी न करें, धैर्य का फल मीठा होता है



संकलित

## दर्शन

किसी गुरुकुल में गुरुदेव बालकों को बाण चलाना सिखा रहे थे। एक अतिउत्साही शिष्य ने धनुष को इतनी जोर से खींचा कि उसके दो टुकड़े हो गए। गुरुदेव ने शिष्य को ज्ञान दिया कि अधीरता से योग्यता अपव्यय हो जाती है। लक्ष्य को भेदने के लिए जितनी ऊर्जा की आवश्यकता है उससे अधिक या कम ऊर्जा का प्रयोग करने पर लक्ष्य को साधना असंभव है। हमारा जीवन भी एक धनुष के समान है। यदि धैर्यपूर्वक ऊर्जा को धीरे-धीरे संचित करने के बाद नियंत्रण के साथ इसे व्यय करने की कला सीख ली जाए तो लक्ष्य कितनी ही दूरी पर क्यों न हो उसे प्राप्त करना असंभव नहीं है। धैर्य का अर्थ मूक रहकर मात्र प्रतीक्षा करना नहीं है। धैर्य का अर्थ है उत्तेजनारहित होकर अपने कार्य में निरंतर संलग्न रहना। किसी कार्य के प्रति अतिउत्साह अथवा असंयम उक्त कार्य के फल को परिपक्व नहीं होने देता। चाक पर चढ़े कच्चे घड़े को यदि आतुरता में समय से पहले उतार लिया जाए तो उसका आकार विकृत हो जाता है। हमें ऐसा भ्रम हो सकता है कि जीवन में प्रगति इतनी धीमी गति से हो रही है कि कोई परिवर्तन दिखाई नहीं देता। हम परिवर्तन की चाह में धैर्य खो बैठते हैं और शीघ्र सफलता की आकांक्षा में हड़बड़ी में ऐसे निर्णय ले बैठते हैं, जिनसे हमारा भविष्य बिगड़ सकता है। युवाओं में ऊर्जा का अधिक भंडार होता है। यह ऊर्जा उन्हें कार्य को जल्द से जल्द संपादित करके फल प्राप्ति के लिए लालायित करती है। उन्हें इस ऊर्जा का सदुपयोग करना नहीं आता।

# क्या भगवान का अस्तित्व है?



संकलित

## प्रेरणा

एक बार एक व्यक्ति नाई की दुकान पर अपने बाल कटवाने गया। नाई और उस व्यक्ति के बीच में ऐसे ही बातें शुरू हो गई और वे लोग बातें करते-करते भगवान के विषय पर बातें करने लगे। तभी नाई ने कहा- मैं भगवान के अस्तित्व को नहीं मानता और इसीलिए तुम मुझे नास्तिक भी कह सकते हो। तुम ऐसा क्यों कह रहे हो व्यक्ति ने पूछा। नाई ने कहा- बाहर जब तुम सड़क पर जाओगे तो तुम समझ जाओगे कि भगवान का अस्तित्व नहीं है। अगर भगवान होते, तो क्या इतने सारे लोग भूखे मरते? मैं ऐसे निर्दयी ईश्वर की कल्पना नहीं कर सकता जो इन सब की अनुमति दे। नाई ने अपना काम खत्म किया और वह व्यक्ति नाई को पैसे देकर दुकान से बाहर आ गया। वह जैसे ही नाई की दुकान से निकला, उसने सड़क पर एक लम्बे-घने बालों वाले एक व्यक्ति को देखा जिसकी दाढ़ी भी बढ़ी हुई थी और ऐसा लगता था शायद उसने कई महीनों तक अपने बाल नहीं कटवाए थे। वह व्यक्ति वापस मुड़कर नाई की दुकान में दुबारा घुसा और उसने नाई से कहा-क्या तुम्हें पता है? नाइयों का अस्तित्व नहीं होता। व्यक्ति ने कहा- नहीं! नाई नहीं होते हैं। अगर होते तो क्या बाहर उस व्यक्ति के जैसे कोई भी लम्बे बाल व बढ़ी हुई दाढ़ी वाला होता? नाई ने कहा-अगर वह व्यक्ति किसी नाई के पास बाल कटवाने जाएगा ही नहीं तो नाई कैसे उसके बाल काटेगा? व्यक्ति ने कहा- तुम बिल्कुल सही कह रहे हो, यही बात है। भगवान भी होते हैं, लेकिन कुछ लोग भगवान पर विश्वास ही नहीं करते तो भगवान उनकी मदद कैसे करेंगे। विश्वास ही सत्य है!

## अंतर्मन




## आज की पाती

### इस्तीफा तो हो गया, लेकिन क्या छात्रों को न्याय मिला?

कई दिनों के धरना-प्रदर्शन के बाद आखिरकार केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। पहली नजर में इसे आंदोलन की बड़ी जीत और लोकतंत्र की सफलता के रूप में देखा जा रहा है। लेकिन सबसे बड़ा प्रश्न वही है, जो हर छात्र और अभिभावक के मन में है- क्या शिक्षा मंत्री के इस्तीफे से छात्रों का भविष्य सुरक्षित हो गया? क्या इससे पेपर लीक की समस्या समाप्त हो जाएगी? क्या प्रतियोगी परीक्षाओं की विश्वसनीयता लौट आएगी? क्या लाखों विद्यार्थियों की मेहनत अब बिना किसी भय के रंग लाएगी? इन सभी सवालों का उत्तर फिलहाल नकारात्मक दिखाई देता है। यही कारण है कि आंदोलन की सफलता का मूल्यांकन केवल एक मंत्री के इस्तीफे से नहीं बल्कि शिक्षा व्यवस्था में आने वाले वास्तविक सुधारों से किया जाना चाहिए। *-धीरज शर्मा, रोहतक*

## ट्रेंड

### मेरा कोई रोल नहीं



पेट्रोल में एथेनॉल मिलाने में मेरा कोई रोल नहीं है। ये दोनों प्रोजेक्ट केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के हैं। वायरल वीडियो में एथेनॉल ब्लेंडेड पेट्रोल (ईबीपी) प्रोग्राम और ई-20 पहल से गलत तरीके से जोड़ा गया है। **-नितिन गडकरी,** केंद्रीय मंत्री

### क्या संदेश दे रही भाजपा



भाजपा को यह स्पष्ट करना चाहिए कि क्या पेपर लीक, चरमराती शिक्षा व्यवस्था, छात्रों पर लाठीचार्ज और पैलेट गन चलाने के बावजूद प्रधान का काम सराहनीय था? अगर नहीं, तो यह सम्मान किसलिए है? और अगर हां, तो क्या भाजपा देश के युवाओं और छात्रों को यही संदेश देना चाहती है? **-जयराम रमेश,** कांग्रेस महासचिव

### सर्वोच्च बलिदान दिया



कैप्टन सौरभ कालिया, कैप्टन विक्रम बत्रा और कैप्टन मनोज कुमार पांडेय जैसे युवा अधिकारियों ने युद्ध में सर्वोच्च बलिदान दिया। कई सैनिक ऐसे थे, जिनकी उम्र 25 वर्ष भी नहीं थी, लेकिन उन्होंने बहादुरी से लड़ाई लड़ी। इतिहास उन्हें कभी नहीं भूलेगा। **-देवेंद्र फडणवीस,** सीएम महाराष्ट्र

### श्रमिकों के परिवारों को मदद



आज हमने सिक्किम हादसे में जान गंवाने वाले श्रमिकों के परिवारों को आर्थिक मदद दी है। नौ परिवारों के सदस्यों को सरकारी नौकरी दी जाएगी। इनमें से सात को होम गार्ड के तौर पर और दो को नागरिक स्वयंसेवक के तौर पर नियुक्त किया जाएगा। **-शुभेंदु अधिकारी,** सीएम, प. बंगाल

## करंट अफेयर

# अमेरिका के मध्य और दक्षिणी हिस्सों में भीषण गर्मी का कहर

अमेरिका के मध्य और दक्षिणी हिस्सों में रविवार को लगातार दूसरे दिन भी भीषण गर्मी और उमस का प्रकोप जारी रहा। इस बीच, अमेरिका में चार करोड़ से अधिक लोग ऐसे क्षेत्रों में रह रहे हैं, जहां प्रशासन ने अत्यधिक गर्मी को लेकर चेतावनी जारी की हुई है। राष्ट्रीय मौसम सेवा (एनडब्ल्यूएस) के अनुसार, 'हीट इंडेक्स' (मानव शरीर को वास्तव में महसूस होने वाला तापमान) 38 डिग्री सेल्सियस से काफी ऊपर दर्ज किया गया। इसका प्रभाव मिनेसोटा से लेकर मिसिसिपी तक और पश्चिम में दक्षिणी कैलिफोर्निया तथा नेवादा तक रहा। दक्षिण-पश्चिमी अमेरिका के कुछ हिस्सों में तापमान 49 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की आशंका जताई गई।



मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि यह भीषण गर्मी 'हीट डोम' के कारण पड़ रही है। इस स्थिति में उच्च वायुदाब किसी बड़े क्षेत्र के ऊपर एक गुंबद की तरह बन जाता है और गर्म हवा को बाहर निकलने नहीं देता। इससे तापमान बढ़ता जाता है और कई दिनों तक भीषण गर्मी बनी रहती है। नेब्रास्का के ओमाहा में बेघर लोगों के लिए काम करने वाले संगठन 'थ्रेशहोल्ड सीओसी' के आउटरीच प्रबंधक पीट मिलर ने रविवार को पानी की बोतलें वितरित करते हुए कहा, ' 'गर्मी असाधारण रूप से ज्यादा है।

## ऑफ बीट

# क्या बॉस का गाली देना अच्छी 'लीडरशिप' की निशानी है?

कुछ लोगों की बातचीत में गाली-गलौज आम बात होती है। कार्यस्थल पर भी ऐसे लोग मिल जाते हैं और कई बार वे नेतृत्व की भूमिका में होते हैं। क्या गाली देने वाला बॉस बेहतर 'टीम लीडर' हो सकता है? सुनने में यह अजीब लग सकता है। यह इस बात पर निर्भर करता है कि सामने वाला व्यक्ति और उसकी टीम उस भाषा को किस तरह लेती है। शायद आपने भी ऐसे 'टीम लीडर' या 'मैनेजर' के साथ काम किया हो, जो कर्मचारियों का हौसला बढ़ाते समय बीच-बीच में गाली-गलौज से परहेज नहीं करते हों या अपनी बात को सबसे स्पष्ट तरीके से रखने के लिए अक्सर अपशब्दों का सहारा लेते हैं। हालांकि, ऐसे व्यवहार पर सहकर्मियों की प्रतिक्रिया एक जैसी नहीं होती। कुछ लोगों को यह सहज और मजेदार लग सकता है, कुछ इसे नजरअंदाज कर देते हैं, जबकि कई लोग इसे खराब नेतृत्व, गैर-पेशेवर रवैया और पूरी तरह अनावश्यक मानते हैं। अध्ययन से पता चलता है कि गाली देने वाले बॉस के प्रति लोगों की राय केवल इस बात पर निर्भर नहीं करती कि उन्होंने क्या कहा, बल्कि इसपर भी निर्भर करती है कि सुनने वाला कौन है और वह किस देश या सामाजिक परिवेश में रहता है। अध्ययन में यह भी सामने आया कि नेतृत्व करने का कोई एक ऐसा तरीका नहीं है, जिसे हर जगह 'सही' माना जाए।



**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## राजा ने दिलाया भारत को चौथा मेडल, उठाया कुल 286 किग्रा वजन


# चोट और खराब सेहत नहीं तोड़ पाई मुथुपांडी का हौसला, जीता सिल्वर

एजेंसी ▸▸| ग्लास्गो

*भारत ने कॉमनवेल्थ गेम्स में अपना चौथा मेडल जीत लिया है। भारत को इस इवेंट का चौथा मेडल राजा मुथुपांडी ने दलिया, जिन्होंने पुरुषों के 65 किग्रा वेटलफ्टिंगि में सिल्वर मेडल जीता। मुथुपांडी ने स्नैच में 126 किलोऔर क्लीन एंड जर्क में 160 किलो का बेस्ट लिफ्ट किया। उनका कुल लिफ्ट 286 किग्रा था। चोट और खराब सेहत भी राजा का हौसला नहीं तोड़ पाई। मलेशिया के अजनील बिदिन ने 299 किग्रा उठाकर गेम्स रिकॉर्ड लिफ्ट करके गोल्ड मेडल जीता, जबकि पापुआ न्यू गिनी के मोरिया बारू ने ब्रॉन्ज मेडल जीता।*

### बनाया नया नेशनल रिकॉर्ड

यह मेडल मुथुपांडी के लिए एक शानदार वापसी है, जिन्हें हाल के सालों में कई चोटों और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ा था। चोट और खराब सेहत भी उनका हौसला नहीं तोड़ पाई। उन्होंने नेशनल टाइटल जीतकर और नया नेशनल रिकॉर्ड बनाकर ग्लास्गो का टिकट पक्का किया था और अब अपने डेब्यू कॉमनवेल्थ गेम्स में मेडल जीतने में सफल रहे।



### वेटलिफ्टिंग में भारत का दबदबा कायम, जीता तीसरा मेडल

ग्लासगो में वेटलिफ्टिंग में यह भारत का तीसरा और कुल मिलाकर चौथा मेडल है। इससे पहले ऋषिकांत सिंह ने पुरुषों के 60 किग्रा वर्ग में सिल्वर मेडल जीता था। उनके बाद मीराबाई चानू ने महिलाओं के 48 किग्रा वर्ग में अपना लगातार तीसरा कॉमनवेल्थ गेम्स गोल्ड मेडल जीतकर कमाल कर दिया।




### शिर्से ने पार की 110 मीटर बाधा दौड़ फाइनल में एंट्री

राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक तेजस शिर्से ने हीट (शुरुआती दौर) में 13.76 सेकंड के समय के साथ छठे स्थान पर रहकर राष्ट्रमंडल खेलों की पुरुषों की 110 मीटर बाधा दौड़ के फाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय बन गए। इस 24 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी ने हीट एक में तीसरा स्थान हासिल किया, जिसमें इंग्लैंड के सैमुअल बेनेट ने 13.20 सेकंड के समय के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। प्रत्येक हीट में पहले तीन और अगले दो सबसे तेज धावक प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंचेंगे। शिर्से ने इस सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पिछले महीने लुधियाना में इंडियन एथलेटिक्स सीरीज नौ में किया था, जहां उन्होंने 13.27 सेकंड का समय निकाला, जो वर्तमान में राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी है।

### लंबी कूद : पहले प्रयास में श्रीशंकर ने किया फाइनल में प्रवेश




भारत के लंबी कूद के खिलाड़ी एम श्रीशंकर ने सोमवार को यहां अपने पहले ही प्रयास में क्वालीफाइंग स्तर पार करके राष्ट्रमंडल खेलों के फाइनल में जगह बना ली। श्रीशंकर ने ग्रुप ए में अपने पहले ही प्रयास में 8.01 मीटर के प्रयास से फाइनल में जगह बना ली। उनका सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 8.38 मीटर है। फाइनल के लिए क्वालीफाइंग स्तर आठ मीटर या सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले कम से कम 12 खिलाड़ी हैं। सत्ताइस साल के श्रीशंकर को उम्मीद है कि वह 2022 में खेलों के पिछले सत्र में जीते रजत पदक को बेहतर करेंगे। अप्रैल 2024 में घुटने की चोट से उबरने के बाद वह वापसी की राह पर हैं। उनका 'पटेला टेंडन' फट गय था और यह चोट उनके करियर के लिए खतरा बन गई थी। उनकी सर्जरी भी हुई थी। इस चोट की वजह से वह पेरिस ओलंपिक से चूक गए थे।



### सिवाच ने हेविट को हराया क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

भारतीय बॉक्सर सचिन सिवाच ने पुरुषों के 60 किलोग्राम इवेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं। सचिन ने 'राउंड ऑफ 16' में इंग्लैंड के विलियम हेविट को 4-1 के स्प्लिट डिसीजन से शिकस्त दी। बेहतरीन रिंग क्राफ्ट, तेज कॉम्बिनेशन और रणनीतिक अनुशासन का प्रदर्शन करते हुए, सचिन ने तीन राउंड के मुकाबले में दबदबा बनाए रखा और घरेलू खिलाड़ी पर शानदार जीत हासिल की। कजाकिस्तान, कनाडा, मैक्सिको और मोरक्को के जजों ने मुकाबले का स्कोर भारतीय बॉक्सर के पक्ष में 29-27 दिया, जबकि तुर्की के जज ने हेविट को 29-27 अंक दिए। मुकाबले के दौरान सचिन का एक अंक काटा गया, लेकिन इससे अंतिम नतीजे पर कोई खास असर नहीं पड़ा और वे आसानी से विजेता बने। सचिन ने लगातार सटीक पंच मारे और पूरे मुकाबले के दौरान अपना दबदबा बनाए रखा। उन्होंने अपने आक्रामक लेकिन संयमित अंदाज से हेविट पर दबाव बनाए रखा।

### साजन ने 200 मीटर बटरफ्लाई फाइनल में बनाई जगह



दो बार के ओलंपियन भारतीय तैराक साजन प्रकाश ने एक मिनट 58.59 सेकेंड के समय के साथ अपनी हीट (शुरुआती दौर) में दूसरे स्थान पर रहते हुए राष्ट्रमंडल खेलों की पुरुष 200 मीटर बटरफ्लाई स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाई। स्कॉटलैंड के डंकन स्कॉट एक मिनट 58.29 सेकेंड के साथ समय के साथ शीर्ष पर रहे। साजन एक मिनट 57.09 सेकेंड के अपने निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से पीछे रहे। इस 31 वर्षीय भारतीय ने इसी साल सिंगापुर राष्ट्रीय आयु वर्ग तैराकी चैंपियनशिप में एक मिनट 57.09 सेकेंड का अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया था।

### सेमीफाइनल में जगह बनाने से चूके गुरिंदरवीर




भारत के फर्राटा धावक गुरिंदरवीर सिंह राष्ट्रमंडल खेलों में उम्मीदों पर खरे नहीं उतर पाए और 10.39 सेकंड के निराशाजनक समय के साथ हीट (शुरुआती दौर) में 28वें स्थान पर रहने के बाद पुरुषों की 100 मीटर दौड़ की स्पर्धा से बाहर हो गए। गुरिंदरवीर से 100 मीटर दौड़ में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के करीब भी नहीं पहुंच पाए और पहले दौर में ही बाहर हो गए। गुरिंदरवीर ने हीट चार की पांचवीं लेन में अच्छी शुरुआत की। वह शुरू में जमैका के रोहन वॉटसन के साथ बने रहे, लेकिन जमैका के खिलाड़ी ने अंतिम 30-35 मीटर में तेजी दिखाई और 10.13 सेकंड के साथ पहला स्थान हासिल किया।

## भारत ने झटके 2 पदक, ईशा ने जीता गोल्ड, मनु भाकर को पछाड़ा

### आईएसएसएफ विश्व कप में मनु ने कांस्य पदक किया अपने नाम

एजेंसी ▸▸| हांगझोउ

भारत की उदीयमान निशानेबाज ईशा सिंह ने आईएसएसएफ विश्व कप (राइफल/ पिस्तौल/ शॉटगन) में महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में ओलंपिक पदक विजेता हमवतन खिलाड़ी मनु भाकर को पीछे छोड़ते हुए स्वर्ण पदक जीता। भाकर ने कांस्य पदक जीता और भारत ने इस तरह से इस स्पर्धा में दो पदक हासिल किए। 21 वर्षीय ईशा ने फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए 40 अंक बनाकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया, जबकि मनु ने शूट-ऑफ जीतकर कांस्य पदक हासिल किया। उन्होंने कुल 28 अंक बनाए।



### भारतीय खिलाड़ियों की अच्छी शुरुआत

भारतीय खिलाड़ियों ने क्वालीफाइंग दौर से ही अच्छी शुरुआत की। मनु ने 586 अंक बनाकर क्वालीफाइंग में पहला स्थान हासिल किया जबकि ईशा 585 अंक लेकर दूसरे स्थान पर रही। इस तरह से इन दोनों ने आठ निशानेबाजों के फाइनल में आसानी से जगह बनाई। एशियाई खेलों की पूर्व स्वर्ण पदक विजेता राही सरनोबत ने 582 का स्कोर बनाया, जबकि सिमरनप्रीत कौर बराड़ (576) और अभिदन्या अशोक पाटिल (573) ने केवल रैंकिंग अंकों के लिए (आरपीओ) खेलते हुए अच्छा प्रदर्शन किया।

## एशियन आर्म बॉक्सिंग चैंपियनशिप : हरियाणा के खिलाड़ियों ने 4 गोल्ड समेत जीते 6 पदक जीते

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में आयोजित पहली एशियन आर्म बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2026-27 में हरियाणा के खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का परचम लहराया है। 24 से 26 जुलाई तक आयोजित इस प्रतियोगिता में भारतीय दल का प्रतिनिधित्व करते हुए हरियाणा के 6 मुक्केबाजों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया और कुल 6 पदक अपने नाम किए। इनमें 4 स्वर्ण, 1 रजत और 1 कांस्य पदक शामिल हैं। प्रतियोगिता में रेवाड़ी के देवांशु, झज्जर के दीपांशु, गुरुग्राम के युग और रोहतक की दीक्षा ने अपने-अपने भार वर्ग में बेहतरीन मुक्केबाजी करते हुए देश के लिए स्वर्ण पदक हासिल किया। वहीं रोहतक हर्ष ने कड़े मुकाबले के बाद रजत पदक जीता, जबकि रेवाड़ी के लक्ष्य ने कांस्य पदक पर कब्जा जमाया। खिलाड़ियों के इस शानदार प्रदर्शन से खेल प्रेमियों और क्षेत्र में खुशी की लहर है। इस ऐतिहासिक सफलता पर

**रेवाड़ी के देवांशु, झज्जर के दीपांशु, गुरुग्राम के युग और रोहतक की दीक्षा ने जीता सोना**



स्पोर्ट्स आर्म बॉक्सिंग एसोसिएशन हरियाणा ने सभी पदक विजेता खिलाड़ियों, उनके परिजनों और कोचों को हार्दिक बधाई दी है। भारतीय आर्म बॉक्सिंग एसोसिएशन के ज्वाइंट सेक्रेटरी और हरियाणा आर्म बॉक्सिंग एसोसिएशन के सेक्रेटरी राहुल सिंह ने कहा कि हमारे खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश और प्रदेश का मान बढ़ाया है। उम्मीद है कि भविष्य में भी हमारे खिलाड़ी इसी तरह राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर भारत का नाम रोशन करते रहेंगे। खिलाड़ियों के इस शानदार प्रदर्शन पर भारतीय टीम के मुख्य कोच प्रेम गुलिया ने कहा यह हमारे देश और विशेषकर हरियाणा के लिए बेहद गर्व का क्षण है।

## विश्व जूनियर स्क्वाश चैंपियनशिप प्री-क्वार्टर फाइनल में टीम इंडिया



**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष टीम ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए ब्राजील और नीदरलैंड को हराकर कनाडा के ओंटारियो में चल रहे विश्व जूनियर स्क्वाश टीम चैंपियनशिप के प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। पांचवीं वरीयता प्राप्त भारतीय पुरुष टीम ने नीदरलैंड और ब्राजील को बड़ी आसानी से समान 3-0 के अंतर से हराकर ग्रुप पांच में शीर्ष स्थान हासिल करके राउंड ऑफ 16 में प्रवेश किया। भारतीय महिला टीम ने भी शानदार शुरुआत की। पांचवीं वरीयता प्राप्त भारतीय टीम ने चीनी ताइपे को 3-0 से हराया। उसका ग्रुप चार में अगला मुकाबला मलेशिया से होगा। विश्व जूनियर चैंपियन बनकर इतिहास रचने वाली अनाहत सिंह को महिला वर्ग के पहले दौर में विश्राम दिया गया था।

### कोच लक्ष्मण ने की अय्यर की सराहना



**हरारे।** भारत के टी20 कप्तान श्रेयस अय्यर और अंतरिम मुख्य कोच वीवीएस लक्ष्मण ने जिम्बाब्वे के खिलाफ 3-0 से मिली जीत में एक-दूसरे की भूमिका की सराहना की। भारत ने इस श्रृंखला में अपेक्षाकृत नई टीम उतारी थी, जिसमें संजू सैमसन, अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा जैसे कई खिलाड़ी शामिल नहीं थे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने ड्रेसिंग रूम का एक वीडियो साझा किया है, जिसमें लक्ष्मण ने अय्यर की मजबूत मानसिकता की सराहना की है। लक्ष्मण ने इस महीने की शुरुआत में इंग्लैंड के खिलाफ 0-4 की हार का जिक्र करते हुए कहा, 'मैं श्रेयस को विशेष रूप से बधाई देना चाहता हूं।

### दिल्ली में टेबल टेनिस चैंपियनशिप शुरू




**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 22वीं राष्ट्रमंडल टेबल टेनिस चैंपियनशिप का सोमवार को त्यागराज स्टेडियम में उद्घाटन करते हुए इसे विभिन्न देशों और संस्कृतियों को जोड़ने का माध्यम बताया। उन्होंने कहा कि दिल्ली के लिए यह गौरव की बात है कि उसे इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता की मेजबानी का अवसर मिला है। रेखा गुप्ता ने कहा, खेल केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि विभिन्न देशों, संस्कृतियों और समाजों को जोड़ने का एक प्रभावी माध्यम है। ऐसे आयोजन युवाओं को उत्कृष्टता, अनुशासन, समर्पण और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के लिए प्रेरित करते हैं।


**उत्तर रेलवे**

**ई–नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला कैंट भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए उत्तर रेलवे के अंबाला मंडल के रेलवे स्टेशनों पर अनुबंधों के आवंटन के लिए IREPS वेबसाइट पर ई–ऑक्शन के माध्यम से बोलियां आमंत्रित करते हैं।

| क्र. सं. | लॉट संख्या | विवरण | नीलामी प्रारंभ तिथि/समय |
|---|---|---|---|
| 1. | PMBJK-UMB-KLK-PMBJK-3-26-1 | कालका रेलवे स्टेशन पर 24.75 वर्ग मीटर क्षेत्र में प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्र (PMBJK) का प्रावधान | 05.08.2026 12:00:00 hrs |
| 2. | ADVT-UMB-SFMU-OSN-359-26-1 | सुनाम उधम सिंह वाला रेलवे स्टेशन पर साइट प्लान के अनुसार, 35 वर्ग फुट के कुल क्षेत्रफल वाले 04 विज्ञापन बोर्डों के माध्यम से व्यावसायिक विज्ञापन (गैर–डिजिटल) | 05.08.2026 12:00:00 hrs |
| 3. | ADVT-UMB-KARR-OSN-357-26-1 | साइट प्लान के अनुसार, खरड़ रेलवे स्टेशन पर 225 वर्ग फुट के कुल क्षेत्रफल वाले 09 विज्ञापन बोर्डों के माध्यम से व्यावसायिक विज्ञापन (गैर–डिजिटल) | 05.08.2026 12:00:00 hrs |
| 4. | ADVT-UMB-NMDA-OSN-356-26-1 | साइट प्लान के अनुसार, न्यू मोरिंडा रेलवे स्टेशन पर 510 वर्ग फुट के कुल क्षेत्रफल वाले 17 विज्ञापन बोर्डों के माध्यम से व्यावसायिक विज्ञापन (गैर–डिजिटल) | 05.08.2026 12:00:00 hrs |
| 5. | ADVT-UMB-DUI-OSN-348-26-1 | साइट प्लान के अनुसार, धुरी रेलवे स्टेशन पर 140 वर्ग फुट के कुल क्षेत्रफल वाले 16 विज्ञापन बोर्डों के माध्यम से व्यावसायिक विज्ञापन (गैर–डिजिटल) | 05.08.2026 12:00:00 hrs |
| 6. | ADVT-UMB-UMB-OSN-358-26-1 | साइट प्लान के अनुसार, अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन पर 4619.50 वर्ग फुट के कुल क्षेत्रफल वाले 104 विज्ञापन बोर्डों के माध्यम से व्यावसायिक विज्ञापन (गैर–डिजिटल) | 05.08.2026 12:00:00 hrs |
| 7. | ADVT-UMB-SAG-OSN-361-26-1 | साइट प्लान के अनुसार, संगरूर रेलवे स्टेशन पर 87.5 वर्ग फुट के कुल क्षेत्रफल वाले 10 विज्ञापन बोर्डों के माध्यम से व्यावसायिक विज्ञापन (गैर–डिजिटल) | 05.08.2026 12:00:00 hrs |
| 8. | ADVT-UMB-SMRL-OSN-355-26-1 | साइट प्लान के अनुसार, समराला रेलवे स्टेशन पर 210 वर्ग फुट के कुल क्षेत्रफल वाले 08 विज्ञापन बोर्डों के माध्यम से व्यावसायिक विज्ञापन (गैर–डिजिटल) | 05.08.2026 12:00:00 hrs |
| 9. | MSS-UMB-DUI-RCR-70-26-2 | अंबाला मंडल के धूरी रेलवे स्टेशन पर 03 वर्ष की अवधि के लिए कुल 12' x 8' = 96 वर्ग फुट क्षेत्र में फूड वैन का निर्माण, संचालन एवं रखरखाव (साइट प्लान के अनुसार)। | 05.08.2026 12:00:00 hrs |
| 10. | MSS-UMB-LHA-RCR-72-26-2 | अंबाला मंडल के लेहरा गागा रेलवे स्टेशन पर 03 वर्ष की अवधि के लिए कुल 12' x 8' = 96 वर्ग फुट क्षेत्र में फूड वैन का निर्माण, संचालन एवं रखरखाव (साइट प्लान के अनुसार)। | 05.08.2026 12:00:00 hrs |
| 11. | MSS-UMB-JUDW-RCR-84-26-1 | अंबाला मंडल के जगाधरी वर्कशॉप रेलवे स्टेशन पर 03 वर्ष की अवधि के लिए कुल 12' x 8' = 96 वर्ग फूट क्षेत्र में फूड वैन का निर्माण, संचालन एवं रखरखाव (साइट प्लान के अनुसार)। | 05.08.2026 12:00:00 hrs |
| 12. | MSS-UMB-BTI-RCR-85-26-1 | अंबाला मंडल के बठिंडा रेलवे स्टेशन पर 03 वर्ष की अवधि के लिए कुल 12' x 8' = 96 वर्ग फुट क्षेत्र में फूड वैन का निर्माण, संचालन एवं रखरखाव (साइट प्लान के अनुसार)। | 05.08.2026 12:00:00 hrs |
| 13. | MSS-UMB-RPAR-RCR-88-26-1 | अंबाला मंडल के रूप नगर रेलवे स्टेशन पर 03 वर्ष की अवधि के लिए कुल 12' x 8' = 96 वर्ग फुट क्षेत्र में फूड वैन का निर्माण, संचालन एवं रखरखाव (साइट प्लान के अनुसार)। | 05.08.2026 12:00:00 hrs |

नीलामी लीजिंग आमंत्रण सूचना, नीलामी प्रपत्र, एक बार पंजीकरण व अधिक जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in 2584/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला छावनी द्वारा अंबाला मंडल के रेलवे स्टेशनों पर अनुबंधों के आवंटन के लिए IREPS वेबसाइट पर ई–नीलामी के माध्यम से बोलियां आमंत्रित करते हैं।

Auction Catalogue No.: UMB-MIX-28-2026 | रेट यूनिट: वार्षिक लाइसेंस फीस | आकार-10'x6' फीट

| S N | Lot No. | Details | Auction Start date & time | Auction close date & time |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Catg-UMB-LHA-GMU-204-26-1 | कैटरिंग–जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू) स्टॉल नंबर 1, प्लेटफॉर्म नंबर 1 सामान्य महिला श्रेणी के लिए लेहरा गागा (LHA) रेलवे स्टेशन पर। | 06.08.2026 at 12:00 hrs. | 06.08.2026 at 12:30 hrs. |
| 2 | Catg-UMB-GDB-GMU-196-26-1 | कैटरिंग–जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू) स्टॉल नंबर 2, प्लेटफॉर्म नंबर 2 माइनॉरिटी महिलाएं के लिए गिद्दरबाहा (GDB) रेलवे स्टेशन पर। | 06.08.2026 at 12:00 hrs. | 06.08.2026 at 12:40 hrs. |
| 3 | Catg-UMB-MOT-GMU-205-26-1 | कैटरिंग जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू) स्टॉल नंबर 2, प्लेटफॉर्म नंबर 2 माइनॉरिटी कैटेगरी के लिए मलोट (MOT) रेलवे स्टेशन पर। | 06.08.2026 at 12:00 hrs. | 06.08.2026 at 12:50 hrs. |
| 4 | Catg-UMB-JPS-GMU-197-26-1 | कैटरिंग–जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू) स्टॉल नंबर 1, प्लेटफॉर्म नंबर 1 सामान्य श्रेणी के लिए जमालपुर शेखा (JPS) रेलवे स्टेशन पर। | 06.08.2026 at 12:00 hrs. | 06.08.2026 at 13:00 hrs. |
| 5 | Catg-UMB-JUDW-GMU-191-26-1 | जनरल माइनर यूनिट–खानपान (जीएमयू) स्टॉल नंबर–1, प्लेटफॉर्म संख्या–1, सामान्य महिला श्रेणी के लिए जगाधरी वर्कशॉप (JUDW) रेलवे स्टेशन पर। | 06.08.2026 at 12:00 hrs. | 06.08.2026 at 13:10 hrs. |
| 6 | Catg-UMB-KNN-GMU-192-26-1 | खानपान–जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू) स्टॉल नंबर 2, प्लेटफॉर्म नंबर 2/3 स्वतंत्रता सेनानियों/युद्ध में शहीद सैनिकों की विधवाओं/रेलवे कर्मचारियों की विधवाओं की श्रेणी के लिए खन्ना (KNN) रेलवे स्टेशन । | 06.08.2026 at 12:00 hrs. | 06.08.2026 at 13:20 hrs. |
| 7 | Catg-UMB-NBA-GMU-206-26-1 | जनरल माइनर यूनिट–खानपान (जीएमयू) स्टॉल नंबर–1, प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर जनरल वेटिंग हॉल के अंदर, सामान्य महिला श्रेणी के लिए नाभा (NBA) रेलवे स्टेशन पर। | 06.08.2026 at 12:00 hrs. | 06.08.2026 at 13:30 hrs. |
| 8 | Catg-UMB-SHZ-GMU-200-26-1 | जनरल माइनर यूनिट–खानपान (जीएमयू) स्टॉल नंबर–1, सर्कुलेटिंग एरिया में सामान्य श्रेणी के लिए समर हिल (SHZ) रेलवे स्टेशन पर। | 06.08.2026 at 12:00 hrs. | 06.08.2026 at 13:40 hrs. |
| 9 | Catg-UMB-KRLI-SMU-207-26-1 | स्पेशल माइनर यूनिट–खानपान (एसएमयू) स्टॉल नंबर–1 प्लेटफॉर्म संख्या–1, अनुसूचित जाति (SC) की महिला श्रेणी के लिए कुराली (KRLI) रेलवे स्टेशन पर। | 06.08.2026 at 12:00 hrs. | 06.08.2026 at 13:50 hrs. |
| 10 | Catg-UMB-BCU-GMU-194-26-1 | कैटरिंग जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू) स्टॉल नंबर 1, प्लेटफॉर्म नंबर 1 अनुसूचित जनजाति (ST) श्रेणी के लिए भुच्चू (BCU) रेलवे स्टेशन पर। | 06.08.2026 at 12:00 hrs. | 06.08.2026 at 14:00 hrs. |
| 11 | Catg-UMB-KART-SMU-202-26-1 | स्पेशल माइनर यूनिट–खानपान (एसएमयू) स्टॉल नंबर–1 प्लेटफॉर्म संख्या–1, अनुसूचित जनजाति (ST) श्रेणी के लिए किरतपुर साहिब (KART) रेलवे स्टेशन पर। | 06.08.2026 at 12:00 hrs. | 06.08.2026 at 14:10 hrs. |
| 12 | Catg-UMB-BTI-SMU-175-25-1 | स्पेशल माइनर यूनिट–खानपान (एसएमयू) फ्रूट स्टॉल (साइज 2.51x3.42 वर्ग मीटर)–स्टॉल नंबर 01, स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में अनुसूचित जाति (SC) श्रेणी के लिए बठिंडा (BTI)रेलवे स्टेशन। | 06.08.2026 at 12:00 hrs. | 06.08.2026 at 14:20 hrs. |
| 13 | Catg-UMB-RPAR-SMU-184-26-1 | स्पेशल माइनर यूनिट–खानपान (एसएमयू) स्टॉल नंबर–2,प्लेटफॉर्म संख्या–1, माइनॉरिटी श्रेणी के लिए रूप नगर (RPAR) रेलवे स्टेशन पर। | 06.08.2026 at 12:00 hrs. | 06.08.2026 at 14:30 hrs. |
| 14 | Catg-UMB-UBC-SMU-189-26-1 | स्पेशल माइनर यूनिट–खानपान (एसएमयू) स्टॉल नंबर–4,प्लेटफॉर्म संख्या–2, अल्पसंख्यक महिला श्रेणी के लिए अम्बाला सिटी (UBC) रेलवे स्टेशन पर। | 06.08.2026 at 12:00 hrs. | 06.08.2026 at 14:40 hrs. |
| 15 | Catg-UMB-DKT-SMU-195-26-1 | स्पेशल माइनर यूनिट–खानपान (एसएमयू) स्टॉल नंबर–1,प्लेटफॉर्म संख्या–1, अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) की महिला श्रेणी के लिए धुलकोट (DKT) रेलवे स्टेशन पर। | 06.08.2026 at 12:00 hrs. | 06.08.2026 at 14:50 hrs. |
| 16 | Catg-UMB-SOL-SMU-201-26-1 | स्पेशल माइनर यूनिट–खानपान (एसएमयू) स्टॉल नंबर–2,सर्कुलेटिंग एरिया में, अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) श्रेणी के लिए सोलन (SOL) रेलवे स्टेशन पर। | 06.08.2026 at 12:00 hrs. | 06.08.2026 at 15:00 hrs. |
| 17 | Catg-UMB-PTA-SMU-190-26-1 | स्पेशल माइनर यूनिट–खानपान (एसएमयू) स्टॉल नंबर–12,प्लेटफॉर्म संख्या–1, अनुसूचित जाति (SC) श्रेणी के लिए पटियाला (PTA) रेलवे स्टेशन पर। | 06.08.2026 at 12:00 hrs. | 06.08.2026 at 15:10 hrs. |

ऑटोमैटिक वेंडिंग मशीनें (AVMs) | रेट यूनिट: वार्षिक लाइसेंस फीस | आकार-4'x4' फीट

| S. N | Lot No. | Station | No. of AVM | Details | Auction start date & time | Auction close date & time |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | MSS-UMB-RPJ-AVM-103-26-1 | राजपुरा (RPJ) | 03 | ➢ 01 AVM in UTS/PRS हॉल में<br>➢ 01 AVM at प्लेटफॉर्म 2/3 पर, ट्रॉली नंबर 4 के पास प्लेटफॉर्म शेड के नीचे।<br>➢ 01 AVM at PF नंबर 1 पर PF शेड के नीचे OSOP स्टॉल के पास | 06.08.2026 at 12:00 hrs. | 06.08.2026 at 15:20 hrs. |
| | | अंबाला सिटी UBC) | 01 | ➢ 01 AVM अंबाला सिटी में SS ऑफिस के सामने | | |

ई–नीलामी की अधिक जानकारी हेतु, सभी भावी निविदाकर्ता रेलवे वेबसाईट www.ireps.gov.in पर देखें। 2587/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### जहाज पर एक भारतीय की मौत पर एक्शन में मोदी सरकार

# यूक्रेन के राजदूत को किया तलब, ईरान ने भी 'जवाबी कार्रवाई' की दे डाली धमकी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ब्लैक सी (काला सागर) में कमर्शियल शिप एमवी ओमोर्फी पर हुए हमले को लेकर भारत सरकार ने कड़ा रुख अपनाया है। इस हमले में एक भारतीय नाविक की दुखद मौत के बाद विदेश मंत्रालय ने भारत में यूक्रेन के राजदूत डॉ. ओलेक्सांद्र पोलिशचुक को तलब किया और गहरी चिंता व्यक्त की।

विदेश मंत्रालय के अनुसार, 18 जुलाई को जब इस कमर्शियल जहाज पर हमला हुआ, तब उस पर तीन भारतीयों सहित कुल 10 क्रू मेंबर्स सवार थे। भारत ने इस घटना में मारे गए भारतीय के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए वाणिज्यिक जहाजों पर होने वाले हमलों की सख्त लहजे में निंदा की है। विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट कहा कि ऐसे हमले समुद्री आवाजाही की सुरक्षा, जहाजों की आवाजाही के अधिकार और अंतरराष्ट्रीय व्यापार को बुरी तरह प्रभावित करते हैं। भारत ने यूक्रेनी राजदूत के जरिए उनकी सरकार को संदेश दिया कि निर्दोष नागरिक नाविकों की जान जोखिम में डालने वाले ऐसे हमले पूरी तरह अस्वीकार्य हैं और इन्हें तुरंत रोका जाना चाहिए। रूस स्थित भारतीय मिशन पीड़ित परिवार को हर संभव सहायता पहुंचाने के लिए स्थानीय अधिकारियों के संपर्क में है। भारत ने सभी पक्षों से अंतरराष्ट्रीय दायित्वों का पालन करने की अपील की है। दूसरी ओर, समुद्री तनाव अब कैस्पियन सागर तक फैल गया है।

**कमर्शियल शिप पर हुए हमले की भारत ने निंदा की**

**शिप पर 10 क्रू मेंबर थे सवार उसी दौरान हुआ था हमला**


मंत्रालय के सामने डॉ. पोलिशचुक

### भारत के साथ ईरान भी कर रहा सख्ती


जायसवाल

यूक्रेन द्वारा कैस्पियन सागर में एक ईरानी कमर्शियल शिप को निशाना बनाए जाने के बाद ईरान ने उग्र प्रतिक्रिया दी है। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघेई ने सोमवार (27 जुलाई 2026) को इस हमले को अंतरराष्ट्रीय कानून का स्पष्ट उल्लंघन करार दिया। ईरान ने चेतावनी दी है कि उसे अपने राष्ट्रीय हितों और सुरक्षा की रक्षा के लिए यूक्रेन के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करने का पूरा अधिकार है और तेहरान ऐसा कदम उठाने में जरा भी संकोच नहीं करेगा। वहीं, ईरानी संसद की राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति आयोग के अध्यक्ष इब्राहिम अजीजी ने भी यूक्रेन को इसके गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी है।


मृतक सागर गुप्ता

### पहले रुके बात की और फिर अंदर गए

विदेश मंत्रालय के बाहर यूक्रेन के राजदूत डॉ. ओलेक्सांद्र पोलिशचुक कुछ देर ठहरे वहां मौजूद अधिकारियों से हल्की फुल्की बात की इसके बाद आगे बढ़े और दफ्तर में अंदर गए जहां इस मसले पर उनसे बातचीत की गई और घटना पर चिंता व्यक्त की गई।

### यूक्रेन ने जयशंकर को लिखी थी चिट्ठी, कहा- हमने पहले आगाह किया था

काला सागर में भारतीय नाविकों पर हमलों को लेकर यूक्रेन के विदेश मंत्री एंड्री सिबिहा ने विदेश मंत्री एस जयशंकर को चिट्ठी लिखी है। उन्होंने अपनी चिट्ठी में काला सागर में मारे गए भारतीय नाविकों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। यूक्रेन ने इन हमलों का आरोप रूस पर लगाया है। बयान के अनुसार, भारत में यूक्रेन के दूतावास ने कहा है कि उसका दृढ़ विश्वास है कि रूस की आक्रामक कार्रवाइयों के कारण काला सागर और आजोव सागर में नागरिक जहाजों की आवाजाही पर मंडरा रहे खतरों और जोखिमों को क्षेत्र की सुरक्षा स्थिति से जुड़ी किसी भी एहतियाती चेतावनी पर तत्काल प्रतिक्रिया देकर कम किया जा सकता है। दूतावास ने कहा कि युद्ध के दौरान यूक्रेन लगातार अपने अंतरराष्ट्रीय साझेदारों, जिनमें भारत के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हैं, को रूस की कार्रवाइयों से नागरिक नौवहन पर बढ़ते खतरों के बारे में आगाह करता रहा है।


जयशंकर

यूक्रेन ने अपने साझेदार देशों को उन कदमों की भी जानकारी दी है, जो वह सैन्य सामान की आपूर्ति रोकने और यूक्रेन के खिलाफ रूस के युद्ध को समर्थन देने वाली लॉजिस्टिक आपूर्ति श्रृंखलाओं को बाधित करने के लिए उठा रहा है। दूतावास ने कहा कि इन चिंताओं को अंतरराष्ट्रीय समुद्री संगठन (आईएमओ) के मंच पर भी औपचारिक रूप से उठाया गया है। इसके तहत 12 जून और 26 जून 2026 को जारी आईएमओ सर्कुलर लेटर्स के माध्यम से सदस्य देशों को अवगत कराया गया।

**पहले बात की, फिर मार दी गोली**

# कनाडा में टारगेट अटैक में हुई भारतीय मूल की युवती की हत्या

एजेंसी ▶▶ टोरंटो


मृतक नवनीत कौर

कनाडा के टोरंटो में भारतीय मूल की 26 वर्षीय युवती की हत्या कर दी गई। पुलिस का कहना है कि यह एक टारगेटेड हमला था। मृतक की पहचान नवनीत कौर के रूप में हुई है। उसे हम्बरवुड बुलेवार्ड और रेक्सडेल बुलेवार्ड के पास गोली मारी गई। उसे तुरंत मेडिकल मदद दी गई लेकिन मौके पर ही मृत घोषित कर दिया गया। टोरंटो पुलिस ने कौर की हत्या के मामले में ब्रैम्पटन के एक 37 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। संदिग्ध की पहचान शरणजीत सिंह के तौर पर हुई है। उस पर फर्स्ट-डिग्री मर्डर और अंडरटेकिंग का पालन न करने का आरोप लगाया गया है। टोरंटो पुलिस ने बताया कि शुक्रवार सुबह करीब 7:23 बजे (ईएसटी) उन्हें गोली चलने की सूचना मिली, जिसके बाद उनके अधिकारी मौके पर पहुंचे और उन्हें कौर गोली लगी हालत में मिली। सीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, पुलिस ने बताया कि उसे तुरंत मेडिकल मदद दी गई और जान बचाने की कोशिशें भी की गईं लेकिन मौके पर ही मृत घोषित कर दिया गया। ड्यूटी इंस्पेक्टर स्कॉट ब्रैडबरी ने मीडिया को बताया कि गोलीबारी किसी घर में नहीं बल्कि बाहर सार्वजनिक जगह पर हुई। अधिकारी ने बताया कि एक पुरुष संदिग्ध को घटनास्थल से भागते हुए देखा गया।

### आरोपी ने पहले महिला का पीछा किया

एक चश्मदीद ने बताया कि वे बाहर सुबह की कॉफी पी रहे थे तभी उन्होंने पीड़ित महिला को हम्बरवुड पर पूरब की ओर जाते देखा। फिर उन्होंने एक आदमी को उस महिला के पीछे-पीछे जाते देखा।गवाह ने बताया कि संदिग्ध ने पीड़िता से कुछ कहा, जिससे वह पीछे मुड़ी। थोड़ी बातचीत के बाद उस आदमी ने उसे एक गोली मारी और फिर बंदूक लेकर भाग गया। ऐसा नहीं लग रहा था कि वे दोनों व्यक्ति बहस कर रहे थे। पुलिस ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि उन्हें लगता है कि कौर की हत्या एक टारगेटेड हमला थी और अब कोई संदिग्ध नहीं बचा है।

## अब आईआरसीसी ने दिया स्पष्टीकरण कहा नियम तोड़े तो होगी सख्त से सख्त कार्रवाई

एजेंसी ▶▶ ओटावा

कनाडा में भारतीय छात्रों के वर्क परमिट रिजेक्ट होने के मामलों के बीच इमिग्रेशन, रिफ्यूजीज एंड सिटिजनशिप कनाडा (आईआरसीसी ) ने अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण स्पष्टीकरण जारी किया है। आईआरसीसी ने सख्त लहजे में चेतावनी दी है कि पढ़ाई के दौरान कार्य नियमों का उल्लंघन करने पर छात्रों को गंभीर परिणामों का सामना करना पड़ सकता है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' के जरिए जारी बयान में इमिग्रेशन अथॉरिटी ने स्पष्ट किया कि छात्रों को केवल उनके स्टडी परमिट में तय शर्तों के आधार पर ही काम करने की अनुमति है।

### लोग चुनाव का कर रहे हैं बहिष्कार

# पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में प्रदर्शनकारियों पर फायरिंग, आठ की मौत

एजेंसी ▶▶ रावलकोट

पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके ) में पाकिस्तानी सेना ने प्रदर्शनकारियों पर फायरिंग की है। इस फायरिंग में 8 लोगों के मौत की आशंका जताई है, जबकि बड़ी संख्या में लोग घायल भी हुए हैं। बताया जा रहा है कि यह फायरिंग विरोध प्रदर्शन की अगुवाई कर रही जॉइंट अवामी एक्शन कमेटी (जेएएसी) की रावलकोट से मुजफ्फराबाद तक निकाली गई लॉन्ग मार्च पर की गई है। यह घटना पीओके में जारी चुनावों के बीच हुई है, जिसके नतीजे पहले से ही तय हैं। ऐसे में प्रदर्शनकारियों ने चुनाव के बहिष्कार की अपील की थी, जिसे आम लोगों का भारी समर्थन मिला था।

### पाकः ज्यादातर ईशनिंदा के मामले फर्जी, सरकारी रिपोर्ट में खुलासा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की संसदीय समिति को सौंपी गई आधिकारिक रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि देश के चारों प्रांतों में दर्ज अधिकांश ईशनिंदा के मामले फर्जी पाए गए हैं। जांच एजेंसियों के अनुसार इन मामलों का इस्तेमाल धार्मिक भावनाओं से अधिक निजी दुश्मनी, पारिवारिक विवाद और संपत्ति पर कब्जा करने के लिए किया गया। सिंध, पंजाब, केपीके और बलूचिस्तान से मिले आंकड़ों में कई मामलों में आरोपों के समर्थन में कोई सबूत नहीं मिला, जिसके चलते उन्हें खारिज करना पड़ा। रिपोर्ट में कहा गया कि झूठे मामलों का सबसे अधिक नुकसान धार्मिक अल्पसंख्यकों और उनके परिवारों को उठाना पड़ा।

### बेंजामिन नेतन्याहू अमेरिका रवाना

# राष्ट्रपति ट्रंप से होगी द्विपक्षीय वार्ता, ईरान सुरक्षा और शांति विस्तार मुख्य एजेंडा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू सोमवार को अमेरिका की महत्वपूर्ण यात्रा पर रवाना हो गए हैं। इस दौरे के दौरान वे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात करेंगे। राष्ट्रपति ट्रंप के दूसरे कार्यकाल के दौरान दोनों नेताओं के बीच यह आठवीं द्विपक्षीय बैठक होगी। अमेरिका रवाना होने से पूर्व सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक संदेश में नेतन्याहू ने कहा कि किसी भी अंतरराष्ट्रीय नेता की तुलना में उनकी ट्रंप से सबसे ज्यादा मुलाकातें हुई हैं, जो उनके लिए सम्मान और बड़ी जिम्मेदारी की बात है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस बैठक का मुख्य उद्देश्य ईरान की गतिविधियों से निपटने, इजराइल की सुरक्षा को मजबूत करने और क्षेत्र में शांति के दायरे का विस्तार करना है। इस यात्रा के दौरान नेतन्याहू अपने करीबी सहयोगी और इजराइल के समर्थक रिपब्लिकन सीनेटर लिंडसे ग्राहम को भी अंतिम श्रद्धांजलि देंगे, जिनका हाल ही में 71 वर्ष की आयु में निधन हो गया था। इससे पहले कैबिनेट ब्रीफिंग के दौरान नेतन्याहू ने जानकारी दी कि अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने उन्हें अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) के खिलाफ अमेरिकी कार्रवाई का आश्वासन दिया है। आईसीसी द्वारा नेतन्याहू और पूर्व रक्षा मंत्री योआव गैलेंट के खिलाफ वारंट जारी किए जाने पर इजराइली प्रधानमंत्री ने कड़ा एतराज जताया।

## यूएसः फूड फेस्टिवल में फायरिंग, 3 की मौत

**सिएटल।** अमेरिका के सिएटल में एक फूड फेस्टिवल के दौरान फायरिंग में 3 लोगों की मौत हो गई। बच्चे समेत 5 लोग घायल हो गए। घटना सिएटल के स्पेस नीडल के पास आयोजित 'बाइट ऑफ सिएटल' फेस्टिवल के आखिरी घंटों में हुई। सिएटल फायर डिपार्टमेंट की प्रवक्ता ग्रेस नुनेज ने इसकी जानकारी दी। फायरिंग रविवार शाम करीब 6 बजे हुई। पुलिस ने इलाके की जांच शुरू कर दी और लोगों से शहर के उत्तर-पश्चिमी हिस्से में स्थित घटनास्थल के पास नहीं जाने की अपील की। इस मामले में एक संदिग्ध को हिरासत में लिया गया है। फेस्टिवल में पहुंचे एक शख्स ने बताया कि हम एक फूड स्टॉल से खाने का सामान लेकर लौट रहे थे, उसी दौरान गोलीबारी हुई।

### सार्क को पुनर्जीवित करने की मुइज्जू ने की अपील

एजेंसी ▶▶ माले

मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (एसएआरसी) को फिर से सक्रिय करने की पुरजोर वकालत की है। देश की आजादी के 61 साल पूरे होने पर आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में 43 देशों के राजनयिकों को संबोधित करते हुए मुइज्जू ने सदस्य देशों से क्षेत्रीय हित में बातचीत के जरिए आपसी मतभेद सुलझाने का आग्रह किया। मुइज्जू ने सार्क की वर्तमान गतिरोध पर चिंता जताते हुए कहा कि मालदीव इस रुकावट को दूर करने और वार्ता को पटरी पर लाने के लिए मध्यस्थ की भूमिका निभाने को तैयार है। उन्होंने अपनी विदेश नीति को रेखांकित करते हुए अंतरराष्ट्रीय समुदाय से शांतिपूर्ण संवाद के जरिए विवादों के समाधान का आह्वान किया। उल्लेखनीय है कि आठ सदस्य देशों- भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, नेपाल, मालदीव, श्रीलंका और अफगानिस्तान-वाले इस संगठन का उद्देश्य दक्षिण एशिया में आर्थिक और क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा देना है। हाल ही में बांग्लादेश ने भी सार्क को अधिक व्यावहारिक और आर्थिक रूप से मजबूत बनाने का समर्थन किया है।

### वेनेजुएला में भूकंप से 2 फीट खिसकी धरती

**नई दिल्ली।** वेनेजुएला में पिछले महीने आए दो शक्तिशाली भूकंपों को लेकर इसरो और नासा के संयुक्त मिशन निसार सैटेलाइट ने बड़ा खुलासा किया है। सैटेलाइट डेटा के विश्लेषण से पता चला है कि इस भीषण भूकंप के कारण कई जगहों पर जमीन लगभग 60 सेंटीमीटर यानी 2 फीट तक खिसक गई, जिसके कारण राजधानी कराकस और ला गुएरा में भीषण तबाही मची।बता दें कि 24 जून को उत्तरी वेनेजुएला में 7.2 तीव्रता का भूकंप आया था। इसके 39 सेकंड बाद 7.5 तीव्रता का एक और शक्तिशाली भूकंप आया। इन भूकंपों में 5,000 से अधिक लोगों की मौत और करीब 16,700 लोग घायल हुए थे।











हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28